हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
प्रॉपर्टी भूमि





साकार होगा सपना
घर हो अपना ...



बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

## डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर की नई पेशकश


PCGRERA080524001773

# चितवन फार्म हाउस दे रहा है स्वच्छ वातावरण में प्रकृति के बीच रहने का अहसास

DCT Real Estate Developer ®
DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO Certified 9001-2015

**बिलासपुर। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने एक नई पेशकश की शुरुआत की है। इसके तहत डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर चितवन फार्म हाउस में लोगों को प्रकृति के बीच रहने का एहसास दिला रहा है।**

गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट ने चितवन फार्म हाउस की नई सौगात शहरवासियों को देने की शुरुआत की है, जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सकें। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है, जिसकी नेशनल रोड से जुड़े होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना पहचाना और विश्वसनीय नाम है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वसनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरुआत की जा रही है, जहां योगा, मेडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वीमिंग पूल, बास्केटबाल व बैडमिंटन कोर्ट, फाइव ए साईड फुटबाल, फाइव ए साइड क्रिकेट, पिकनिक स्पॉट, मंदिर, 24 घंटे बिजली एवं पानी सप्लाई, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिक्यूरिटी, होम मेंटेनेंस एंड मैनेजमेंट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म के एंट्री गेट को भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस है, जो पूरी तरह टीएंडसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एप्रूव्ड है।




## आधुनिकता के साथ हरियाली एवं शांत वातावरण

शहर में भीड़भाड़ और पर्यावरण प्रदूषण के कारण ज्यादातर लोग बाहर की कालोनियों में फ्लैट और निवास कर रहे हैं। लोग अपनी छुट्टियां बिताने के लिए परिवार सहित किसी शांत वातावरण में जाना पसंद करते हैं। चितवन फार्म लोगों को इस तरह की सौगात दे रहा है। यहां फार्म हाउस में आधुनिकता के बीच ग्रीनरी एवं शांत वातावरण है, जहां लोग परिवार के साथ वेकेशन पर जा सकते हैं।

## रायपुर रोड में निवेश

वर्तमान में बिलासपुर परिक्षेत्र में निवेश हेतु रायपुर रोड सबसे उपर्युक्त स्थान है इसका कारण बढ़ते हुए क्षेत्र का विकास व भूमि के बढ़ते मूल्य है। आज से 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने इस मार्ग में निवेश किया था आज उनकी भूमि की कीमत तीन से चार गुना बढ़ चुकी है। सर्किल रेट में भी वृद्धि क्षेत्र की हुई है। आज सबसे अधिक रिहायसी कॉलोनी भी इसी मार्ग में आते हैं।

## डेमो रेडी बुकिंग शुरू

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे पर स्थित चितवन फार्म हाउस में 170 से अधिक फार्म हाउस का डेमो रेडी हो चुका है। यह फार्म हाउस लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। इस फार्म हाउस में लोगों का पहुंचना भी शुरू हो गया है, जहां वीकेंड और अन्य कार्यक्रम के लिए बुकिंग की शुरुआत भी शुरू हो चुकी है।

## सामाजिक और शहरी जीवन का संगम

शहर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा के पास बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे रोड सबसे अधिक व्यस्ततम रोड में से एक हो चुका है।

बिलासपुर के आसपास कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां वीकेंड प्लान करने के लिए लोग जा सकें। लोगों के सपनों को साकार करने के लिए चितवन फार्म एक सामाजिक और शहरी जीवन का संगम है। यहां लोग अपनी पार्टियों को मनाने के अलावा अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी कर सकते हैं।

*चितवन फ़ॉर्म सिर्फ़ एक प्लॉट नहीं यह एक मंजिल है, सपनों की, आपके अपनो की, हर दिन को ख़ास बनाने की, ज़िन्दगी को ख़ुशहाल बनाने की शहर से जुड़ा, पर भीड़-भाड़ से जुदा-एयरपोर्ट, हाईकोर्ट, बस स्टैंड... सब कुछ नज़दीक, फिर भी एकदम शांत, यहाँ हर सुविधा है और आपकी हर ख़ुशी की वजह भी है.*

APPROVED
RERA
APPROVED

### ग्राहकों की संतुष्टि जरूरी



राजेन्द्र सिंह राजपूत
डॉयरेक्टर

डीसीटी के जो भी प्रोजेक्ट शुरू किए जाते हैं, वह सभी रेरा और टीएंडसी से एप्रुवड होते हैं। इन सभी स्थानों पर हरियाली और सड़क, नाली, बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। इससे पहले बिलासपुर वासियों के लिए कृष्णापुरम, गोल्ड फार्म जैसे प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि ग्राहकों अगर संतुष्ट होते हैं तो ही हमारा उद्देश्य पूरा होता है।

## आधुनिक जीवन शैली का समावेश प्रकृति के साथ

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने इससे पहले भी कई प्रोजेक्ट पर कार्य किया है।

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर-रायपुर रोड के पहले कृष्णापुरम आवासीय कालोनी बनाई गई थी, जहां रहने वाले लोगों को सारी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इसी तरह अब चितवन फार्म हाउस में शानदार तरीके से कार्य किया गया है, जहां शानदार और आकर्षक एंट्री गेट के अलावा समय बिताने के लिए फार्म हाउस एवं स्वीमिंग पुल की भी सुविधा है। यहां लोग स्वीमिंग क्लब का उपयोग करने के साथ लाइफ प्लान कर सकते हैं।









**Contact for Site Visit & Booking : 6264883066, 7470886613**




बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

# लोगों को मिलेंगे किफायती दाम पर फ्लैट्स

साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज की अपार सफलता के बाद लोगों के लिए **मेन्स नमन रेसिडेंसी** एक नई पेशकश की जा रही है, जिसके तहत अशोक नगर में 176 फ्लैट्स का सर्वसुविधा युक्त बहु मंजिला आवासीय परिसर बनाया जा रहा है। इसमें लोग रहने के बाद अपने अधूरे सपनों को पूरा कर सकेंगे। मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स शहर और आसपास के एरिया में शानदार और मजबूत फ्लैट्स का निर्माण कर चुकी है।



## अशोक नगर की नई पहचान

बिलासपुर का भूगोल पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदल रहा है जहां पहले शहर केंद्रित था अब शहर आउटर की ओर बढ़ रहा है जिसमें अशोक नगर सरकंडा एरिया सबसे बड़े शहर के रूप में उभर रहा है अब यही विकास की धारा सभी ओर बढ़ चुकी है परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है मेंस नमन रेसिडेंसी बिलासपुर का सबसे तेजी से विकसित हो रहा रियल एस्टेट बन चुका है। साफ सुथरा वातावरण विस्तृत हरियाली चौड़ी सड़के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कभी आउटर कहे जाने वाला इलाका आज बिलासपुर सिटी का नये शहर के रूप में नई पहचान बना रहा है।

## टीएंडसी से एप्रूवड

**मैन्स रेसिडेंसी** में बनाए जा रहे 176 फ्लैट्स की सर्व सुविधायुक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर हैं, जिसमें बनाए गए 1/2 बीएचके एफोर्डेबल फ्लैट्स व अन्य निर्माण कार्य टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा से एप्रुवड हैं। यहां बनाए गए फ्लैट्स का मजबूत निर्माण कार्य किया गया है, जिसे लोगों को किफायती दाम में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें फ्लैट्स लेने वाले लोग कार्यालय में आने के साथ ही आनलाइन रजिट्रेशन कर बुकिंग कर सकते हैं।

यहां लोगों को भी काफी सुविधाएं मिल रही है। सबसे बड़ी बात है कि इन फ्लैट्स को शहर के अंदर बनाया गया है, जिसमें आकर्षक एंट्री गेट के अलावा अन्य सुविधाएं भी दी गई हैं। अब तक मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की ओर से अग्रसेन चौक में साकेत अपार्टमेंट और भारतीय नगर में मेन्स मीडोज़ जैसे फ्लैट्स का भव्य निर्माण किया जा चुका है। इसमें बनाए गए सारे फ्लैट्स बनने से पहले ही बुकिंग किए जा चुके थे। यहां वर्तमान में बनाए गए सारे फ्लैट्स में वर्षों से परिवार निवासरत् है। इसी कड़ी में लोगों के अधूरे सपनों को पूरा करने और प्रापर्टी में निवेश करने वालों के लिए एक नया आवासीय परिसर **मेन्स नमन रेसिडेंसी** बनाया जा रहा है। यह परिसर अशोक नगर पानी टंकी के पास सरकंडा में बन रहा है, जहां करीब 176 फ्लैट्स की सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण हो रहा है।

## सुरक्षा की सारी व्यवस्था

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार अशोक नगर पानी टंकी के पास निर्माणाधीन मेन्स नमन रेसिडेंसी में सुरक्षा की सारी व्यवस्था की गई है। इसमें सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग की सुविधा, परिसर में सीसी रोड, हाई स्पीड लिफ्ट की सुविधा, सातों दिन 24 घंटे पानी की सुविधा, लिफ्ट व कॉमन एरिया में पॉवर ब्रेकअप, परिसर में स्ट्रीट लाईट, पूर्ण विकसित गार्डन व बच्चों के खेलने के उपकरण एवं ड्रेनेज सिस्टम लगाए गए हैं।

## मजबूत निर्माण कार्य

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार पूर्व में निर्माण किए गए साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज़ में रहने वाले लोगों का उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिला है। यहां रहने वाले लोगों को बिजली, पानी, सड़क की सारी सुविधाएं भी दी गई है। इसी तरह एक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत मेन्स नमन रेसिडेंसी के रूप अशोक नगर पानी टंकी के पास में की गई है, जिसका मजबूत निर्माण किया जा रहा है।





## साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज़
जैसे भव्य निर्माणों की अगली कड़ी

# मेन्स नमन रेसिडेंसी

बेहतरीन लोकेशन | मजबूत निर्माण | सबसे किफायती दाम



साईट पता : अशोक नगर, पानी टंकी के पास सरकण्डा, बिलासपुर

1 & 2 BHK प्रीमियम अपार्टमेंट्स
सिर्फ ₹ 21.50 लाख से शुरु

आसान फायनेंस सुविधा

176 अत्याधुनिक एवं सर्व-सुविधायुक्त फ्लैट्स

24/7 सिक्योरिटी | पावर बैकअप | किड्स प्ले एरिया | गेटेड कम्युनिटी | प्राईम लोकेशन

APPROVED T&C APPROVED

बुकिंग के लिए हमसे संपर्क करें

9926900549, 9424164567, 9926900536

कार्यालय : मेन्स कंस्ट्रक्शन, कुबेर प्लाजा, प्रथम तल, दुकान नंबर 29-31, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.)






# बिलासपुर का क्रॉऊन न्यू टॉउन

ORA MAKERS
Own your real asset.



बिलासपुर। शहर के रियल एस्टेट सेक्टर में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। लगभग 45 एकड़ में विकसित होने वाला यह भव्य टाउनशिप न केवल रहने की दृष्टि से श्रेष्ठ है, भविष्य में 100 एकड़ तक विकसित होने की संभावना है। बल्कि निवेश के लिए भी एक बेहतरीन अवसर प्रस्तुत करता है। आधुनिक डिजाइन, प्राकृतिक सौंदर्य और सुरक्षित वातावरण से सुसज्जित यह प्रोजेक्ट बिलासपुर की प्रीमियम लाइफस्टाइल को एक नई पहचान देगा।



## प्रोजेक्ट के विज़न पर एक नज़र

टाउनशिप को "भविष्य के शहर" की अवधारणा पर आधारित कर तैयार किया जा रहा है, जहां हर सुविधा पैदल दूरी पर और जीवनशैली अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी। डेवलपर्स का कहना है–"हमारा लक्ष्य सिर्फ मकान देना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां हर परिवार सुरक्षित, खुशहाल और गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सके।"




## विशेष आकर्षण एवं आधुनिक सुविधाएँ

भव्य प्रवेश द्वार जो शुरुआत में ही प्रोजेक्ट की प्रीमियम क्वालिटी दर्शाता हैखूबसूरत लैंडस्केप गार्डन, फूलों का ज़ोन, फव्वारे और हरियाली से भरा वातावरण बच्चों के लिए सुरक्षित प्ले एरिया, फैमिली बैठने की जगह, और जॉगिंग ट्रैक पूरी टाउनशिप में कंक्रीट सड़कें और सुव्यवस्थित फुटपाथ शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करता भव्य मंदिर अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम, उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्बाध बिजली के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर और मजबूत इलेक्ट्रिफिकेशन, स्ट्रीट लाइट्स से रोशन संपूर्ण परिसर पर्यावरण संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम रजिस्टर्ड सोसाइटी और समर्पित सोसाइटी कार्यलिय पूरी तरह से सुरक्षित वातावरण के लिए 24×7 सुरक्षा व्यवस्था।

## निवेश के लिए सुनहरा अवसर

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि बिलासपुर में तेजी से बढ़ते विकास के कारण यह टाउनशिप भविष्य में अत्यधिक मूल्यवान साबित होगी।बढ़ता शहरप्रमुख लोकेशनों की बढ़ती मांग सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रोजेक्ट इन कारणों से यह निवेशकों के लिए भी एक शानदार मौका है।



## लोकेशन का बड़ा फायदा

इस प्रोजेक्ट की लोकेशन इसे और भी खास बनाती है। प्रमुख स्कूलों और कॉलेजों के करीब मुख्य बाज़ार और सुविधाओं तक आसान पहुंच शहर के महत्वपूर्ण स्थानों से सुगम कनेक्टिविटी शांत, स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त वातावरण। सभी बातें इसे परिवारों और निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं।

## क्लब न्यू टाउन – प्रोजेक्ट का दिल

इस टाउनशिप का भव्य क्लबहाउस आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जो हर आयु वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है।यहां की सुविधाएँ जीवनशैली मेंखुशी, आराम, मनोरंजन और वेलनेस का सुंदर संतुलन लाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।


## विश्वसनीय बैंक फाइनेंस की सुविधा


इस विशाल और आधुनिक टाउनशिप को वित्तीय संस्थानों का भी मजबूत सहयोग प्राप्त है। प्रोजेक्ट के लिए देश के तीन प्रमुख बैंक–SBI, HDFC और ICICI Bank–द्वारा होम लोन फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।सरल दस्तावेज़ प्रक्रिया, तेज़ स्वीकृति और आकर्षक ब्याज दरों के साथ यह प्रोजेक्ट निवेशकों व खरीदारों के लिए और भी अधिक सुविधाजनक तथा विश्वसनीय विकल्प बन जाता है।


निष्कर्ष: यह टाउनशिप केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक भविष्य-सुरक्षित, आत्मनिर्भर और अत्याधुनिक जीवनशैली का प्रतिरूप है। "यह सिर्फ एक घर नहीं एक अनुभव है–जिसे हर कोई अपने नाम करना चाहेगा।"

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

ORA MAKERS
Own your real asset.





WORLD CLASS AMENITIES

A MASTERPIECE BUILT FOR THE MODERN ELITE
CLASSICAL FROM OUTSIDE. MODERN FROM INSIDE.

A PREMIUM TOWNSHIP OF
2,3,4 & 5 BHK
INDEPENDENT BUNGALOWS & DEVELOPED PLOTS

- Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
- Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
- Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
- Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages
- Indoor & Outdoor Games – Recreation at your doorstep
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces – Wellness made easy

09893113444/ 9893128333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)



# खुशियों का नया पता है अलास्का होम्स

## बिलासपुर में बनाएं अपने सपनों का घर

**बिलासपुर। अगर लोग अपने सपनों का आशियाना बनाने की सोच रहे हैं, तो उनकी खुशियों का नया पता ढूंढने की आवश्यकता नहीं है। अलास्का होम्स में उन्हें सारी खुशियों के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकती है।**

अलास्का होम्स एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहा है। अगर कोई शहर में अपने सपनों का आशियना बनाना चाहता है तो उन्हें इसके लिए कहीं बाहर जाने की जरुरत नहीं है।

अलास्का होम्स बिजौर-बहतराई रोड के बीच में 13 एकड़ के क्षेत्र में रेरा एप्रूव्ड बेहतरीन टाउनशिप शुरु कर रहा है, जिसमें लोग निवेश कर सकते हैं। यह कालोनी पूरी तरह से शासन के नियमों का पालन करते हुए विकसित की जा रही है, जिसमें मजबूत स्ट्रक्चर और इंजीनियरों की देखरेख में शानदार मकान का निर्माण हो रहा है। अलास्का होम्स लोगों की जरूरतों को पूरा करते हुए टीएनसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है, जो हरियाली से पूर्ण स्थान पर स्थित है। ग्राहकों की पसंद के अनुरूप यहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, जिसका अलास्का होम्स में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यहां बनाए गए मकानों की बुकिंग के लिए ग्राहकों की होड़ लग गई है। शीघ्र ही लोग अपने मनपसंद आवास की बुकिंग करा सकते हैं। यह शहर के नजदीक होने के साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल व स्कूल के काफी नजदीक है, जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

A Project By
M/s Maa Shanti Construction

### स्वतंत्र आवासीय कालोनी

संचालक अनुराग शुक्ला एवं आनंद सोमावार ने बताया कि अलास्का होम्स में 141 मकानों की स्वतंत्र आवासीय कालोनी है, जिसे आम नागरिकों की सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। सुरक्षागत कारणों से सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। रात में स्ट्रीट लाइट पूरी कालोनी में उपलब्ध है। अलास्का होम्स के हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा दी जा रही है, जिससे जमीन पर जल संचय अधिक से अधिक होगा। प्रतिवर्ष हजारों लीटर पानी बरसात में अलास्का होम्स के भूमिगत जल स्तर में बढ़ोत्तरी के लिए प्रयोग किया जा रहा है।







**Loan Available in All Nationalized Banks...**

State Bank of India — THE BANKER TO EVERY INDIAN | HDFC HOME LOANS — WITH YOU, RIGHT THROUGH | MEMBER OF CREDAI

### पाइए किराए के घर से आजादी अपने घर की अपनी बात

हर किसी का सपना होता है कि उसका खुद का घर हो। किराए के घर से निकलकर अपना घर लेना-यह सिर्फ एक निवेश नहीं, बल्कि जिंदगी का सबसे बड़ा संतोष है। बिजौर बहतराई रोड पर माँ शांति कंस्ट्रक्शन की एक ऐसी योजना हैं जो इस सपने को पूरा करने में मदद करती हैं। बढ़ती महंगाई के बीच जब बिल्डर्स और सरकारी एजेंसियां सस्ते ब्याज दरों, लचीली EMI योजनाओं और पार्क, मंदिर जैसी सुविधाओं के साथ प्रोजेक्ट्स लेकर आ रही हैं, तो आम आदमी का सपना सच होता नजर आता है। आज बिलासपुर के कई परिवारों ने पहली बार अपना घर अलास्का होम्स में खरीदा है। "अच्छी नौकरी है, ठीक-ठाक सैलरी है, लेकिन अब भी किराए के घर में रहते हैं-यह वाक्य अब कई लोगों के जीवन से मिटता जा रहा है।

### रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट



अलास्का होम्स के संचालक अनुराग शुक्ला व आनंद सोमवार ने बताया कि बहतराई-बिजौर पर स्थित 13 एकड़ में करीब 141 से अधिक मकान बनाए जा रहे हैं। इस स्वतंत्र आवासीय कालोनी में बुकिंग भी शुरु हो चुकी है। यह शहर के करीब होने के साथ-साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल एवं स्कूल के काफी नजदीक है। निर्मित आवासीय परिसर सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त एवं टीएनसी रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है।

### 40 फीट का मुख्य मार्ग



अलास्का होम्स में मकान लेने के बाद रहने वाले लोगों को भी काफी सुविधाएं मिलेगी। बहतराई से बिजौर मार्ग पर बनाए जा रहे इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए कालोनी एंट्री गेट के मुख्य मार्ग को 40 फीट का बनाया गया है। जो कॉलोनी में प्रवेश के लिए सुविधा जनक है और भव्यता का एहसास करता है। वहीं 30 फीट आंतरिक मार्ग कंक्रीट से बनाया गया एक बड़ा सा गार्डन भी स्थित है।

### योग के लिए ग्रीन गार्डन



अलास्का होम्स में निवास करने वाले लोगों के लिए अन्य सुविधाएं भी दी गई है, जिसमें एक भव्य मंदिर के साथ बच्चों के मनोरंजन की सुविधा, योग के लिए गार्डन, 24 घंटे बिजली पानी की व्यवस्था, अंडरग्राउंड नाली जिसमें मच्छर मक्खियां न आ सकें। अलास्का होम्स के पास ही बिरला पब्लिक स्कूल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल और वाटर पार्क भी स्थित है। यहां वर्तमान में 30 से अधिक खुशहाल परिवार निवासरत हैं।

### 10 मीटर की दूरी पर मार्केट



बिजौर से बहतराई के बीच में बनाए गए अलास्का होम्स में आवासीय स्वतंत्र मकान लोगों के बेहतर सुविधा के लिए बनाए गए हैं। अलास्का होम्स से लगा हुआ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, अपोलो हास्पिटल की दूरी 5 से 10 मिनट, बाजार की दूरी 10 मिनट की, रेलवे स्टेशन की दूरी 15 मिनट की, साइंस कालेज, नवीन कन्या महाविद्यालय की दूरी 5 मिनट की है।

**Contact for Site Visit & Booking : 70899-99550, 70499-99550**


बृहस्पति बाजार के सामने अवैध पार्किंग से जाम लगा रहता है।

### दुर्घटना राहत वैन को पेंट करने के दौरान हुआ हादसा

## ओएचई की चपेट में आए दो कर्मचारी एक की मौत, एसएसई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्घटना राहत वैन को पेंट करने के दौरान ओएचई की चपेट में दो कर्मचारी बुरी तरह से झुलस गए। इसमें एक कर्मचारी की उपचार के दौरान मौत हो गई। बिलासपुर रेल मंडल के उच्चाधिकारियों ने प्रथम दृष्टया जांच के दौरान सीएंडडब्लू के एसएसई को सस्पेंड करने के बाद मंडल स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर दी है, जो अपनी रिपोर्ट एक दो दिन में पेश कर देगी।

घटना बिलासपुर रेल मंडल के कोरबा रेलवे स्टेशन की है। यहां रेलवे के सीएंडडब्लू विभाग की ओर से राहत वैन को पेंट कराने का काम पिछले एक सप्ताह से किया जा रहा था। विभाग की ओर से लोकल पेटी ठेकेदार टिंका को काम दिया गया है। ठेकेदार टिंका ने स्टेशन के पास बस्ती में रहने वाले श्यामलाल चौहान और प्रेमकुमार को यह काम सौंपा था। दुर्घटना राहत वैन में पेंट करने के दौरान ओएचई लाइन में करंट सप्लाई बंद की जाती थी। उनके काम करने के दौरान अचानक सप्लाई शुरु हो गई। इसकी जानकारी दोनों कर्मचारियों को नहीं थी। दोनों दुर्घटना राहत वैन के ऊपर चढ़ गए और ओएचई की चपेर्ट में झुलस गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीएंडडब्लू के इंचार्ज एसएसई सीनियर सेक्शन इंजीनियर जितेन्द्र कुमार देवांगन ने आरपीएफ और अन्य रेल कर्मचारियों के सहयोग से दोनों कर्मचारियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान एक कर्मचारी श्यामलाल चौहान की मौत हो गई। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएंडडब्लू के एसएसई जितेन्द्र कुमार देवांगन को तत्काल सस्पेंड करने का आर्डर जारी कर दिया गया है। वहीं जांच के लिए सीनियर डीएमई और अन्य अधिकारियों की टीम गठित की गई है।

#### 4.20 बजे चालू की गई सप्लाई

ओएचई ब्लाक रद्द कर 4.20 बजे चार्ज किया गया। लगभग 3-4 मिनट बाद अचानक ओएचई में ब्लास्ट की आवाज के साथ स्पार्किंग हुई। इस दौरान ओएचई स्टाफ अमित कुमार ने एक व्यक्ति को कोच की छत पर लटके हुए देखा था।

#### एसएसई सीएंडडब्लू सस्पेंड

बिलासपुर रेल मंडल के कोरबा रेलवे स्टेशन के यार्ड में एआरटी के ऊपर पेंटिंग के दौरान दो कर्मचारी ओएचई की चपेट में झुलस गए थे। इसमें से एक की मौत हो गई है। मामले की प्रारंभिक जांच में सीएंडडब्लू के एसएसई जितेन्द्र देवांगन को सस्पेंड करने के बाद सीनियर डीएमई और अन्य अधिकारियों की टीम गठित हो गई है। इनकी जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

- **अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम रेल मंडल बिलासपुर

### ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक आज

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक 30 नवंबर को शाम 4.30 बजे होगी। सचिव डॉ सत्यभामा अवस्थी ने बताया कि बैठक में राज्य शासन द्वारा सामाजिक एवं साहित्यिक सेवा के लिए अलंकृत राजेंद्र अग्रवाल और डॉ विनोद वर्मा का सम्मान किया जाएगा। बैठक में सेवानिवृत प्राचार्य प्रो बलबीर चावला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## हेलमेट चेकिंग में लापरवाही, मंगला रोड ट्रैफिक पेट्रोलिंग प्रभारी लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने हेलमेट चेकिंग में लापरवाही बरतने पर मंगला रोड ट्रैफिक पेट्रोलिंग प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया है, परन्तु लोगों को रोककर परेशान करने वाले लंबे समय से जमे सिपाहियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने ट्रैफिक पुलिस को बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है। शुक्रवार की सुबह मंगला रोड ट्रैफिक पेट्रोलिंग प्रभारी एएसआई कृष्ण कुमार मरकाम सकरी रोड पर सड़क किनारे गाड़ी खड़े कर वाहनों को रोककर जांच कर रहे थे। चेकिंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले पर कार्रवाई करने के बजाए वे लोगों से दस्तावेज मांगकर परेशान कर रहे थे। इसी दौरान लोगों ने ट्रैफिक पुलिस का दस्तावेजों की जांच करते हुए वीडियो बनाकर एसएसपी से शिकायत कर दी। एसएसपी ने पेट्रोलिंग पार्टी को तलब कर हेलमेट पर कार्रवाई करने की बजाए दस्तावेजों की जांच करने पर जमकर फटकार लगाई और प्रभारी एएसआई कृष्ण कुमार मरकाम को लाइन अटैच कर दिया है। बताया जाता है उक्त पेट्रोलिंग पार्टी में एक प्रधान आरक्षक व आरक्षक लंबे समय से पदस्थ हैं। उक्त दोनों सिपाहियों के द्वारा लोगों को रोककर परेशान किया जाता है। किन्तु इन दोनों सिपाहियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**




# समाज के लिए किए गए संकल्प को पूरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ - डॉ. यशवंत दुबे

हम आज उस सुबह की बात कर रहे हैं
जिस समय सूर्य की किरणें भी दिखाई नहीं दे रही थी
और हमारे अर्पण शुगर क्लीनिक, कुदुदण्ड बिलासपुर में इकट्ठा हो चुके थे
वहां से निकलते समय सूर्य की सुनहरी किरणें भी दिखाई पड़ने लगी थी,
जैसे हम किसी सुनहरे सपनों को साकार करने जा रहे हों और
हम अपने टीम के साथ निकल पड़े अपने उस सपने को पूर्ण होते हुए देखने के लिए
जो हमने करीब 25 वर्ष पहले देखा था।



## मेरे ड्रीम हेल्थ कैंप का सपना हुआ साकार - डॉ. यशवंत दुबे

लगभग सुबह 8:30 बजे हम, अपने गृहनगर मुंगेली पहुंच गए, जहां मानस भवन में स्वास्थ्य शिविर का कार्यक्रम था, जहां आज हर एक पल को हमको जीने का अवसर मिलने वाला था और जहां एक साथ हमारे बड़े बुजुर्ग, हमारे पथ प्रदर्शक, समाज के सम्मानित सदस्य, सहपाठी भाई बंधु, नजदीकी रिश्तेदार, खूब सारे शुभचिंतकों के साथ मिलने का सुनहरा अवसर था। आज हमें सम्मान पाने का भी मौका था व सम्मान देने का भी मौका था व लोगों को स्वास्थ्य की दृष्टि से एक नया दृष्टिकोण प्रदान करने का भी अवसर था, हमें अपनी टीम का समर्पण, अनुशासन व क्षमता के प्रदर्शन का भी अवसर था।

हमने अपने समाज को संगठित, समर्पित व अनुशासित देखा। हमने अपने समाज के लोगों को अभिभावक संरक्षक के रूप में भी देखा। हमें अपनापन का भी एहसास हुआ व अपनी अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का अवसर भी मिला।

हमें अपने पथ प्रदर्शक भी मिले और हमें अपनी शुभचिंतक भी मिले। अपने फार्मा बंधुओ (निशांत तिवारी, चंद्रशेखर प्रजापति, पंकज मिश्रा, रविंद्र साहू, अजय सोनवानी, अमित तिवारी, राजेश पांडे, शुभम तिवारी, अमर साहू, दीपक साहू, संदीप तिवारी, प्रफुल्ल मिश्रा, राधेश्याम साहू, राजाराम पटेल, निलेश दुबे, हेमंत साहू, प्रकाश सोनी) का समर्पित भाव से सेवा भी थी व गजब का अनुशासन भी था। अर्पण शुगर क्लिनिक परिवार के दक्षता भी दिखी, तो उनका अनुशासित व्यवहार भी दिखा। शिविर को सफल बनाने में छोटे बच्चों व युवाओं का हाथ भी था तो बुजुर्गों का साथ भी था। शिक्षा जगत के युवा भी थे तो शिक्षा से जुड़े आधार स्तंभ भी थे।







**समाज के द्वारा सम्मान प्राप्त करते हुए अर्पण शुगर क्लीनिक की टीम**

### पिताजी ने अपने सपने को मेरे चिकित्सक के रूप में साकार होते हुए देखा था, तो आज मैंने अपने समाज के लिए ड्रीम हेल्थ चेकअप को साकार होते हुए देखा।

स्वल्प आहर के बाद हमारे टीम ने स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें हमारे समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, सभी ने अनुशासन धैर्यता और स्वास्थ्य के प्रति अपने संकल्प का परिचय दिया। हमारी टीम ने भी उनके स्वास्थ्य जांच के लिए उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, किडनी, थायराइड, हीमोग्लोबिन, HbA1c, कोलेस्ट्रॉल की जांच से लेकर आहार विशेषज्ञ व चिकित्सक के द्वारा परामर्श भी शामिल था। एक तरफ हमारे सहपाठी भाई नरेंद्र दीक्षित, छत्रपाल उपाध्याय की उपस्थिति भी रही। पूरे शिविर के दौरान कार्यक्रम का संचालन भाई नरेंद्र दीक्षित ने बहुत बेहतरीन ढंग से किया और हमारी टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### यह शिविर महिला सशक्तिकरण का भी एक अद्भुत उदाहरण

इस स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और बेटियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में एक तरफ हमारी टीम की चीफ डाइटीशियन हेमलता साहू, लीना, मनीषा व समाज की बिटिया डॉ. प्रज्ञा दुबे, मुंगेली की बिटिया कुमारी शुभांगी सिंह, डिजिटल टीम की हेड राचल मानकर, मेडिसिन काउंसलर कुमारी पूनम पांडे व कु. सुकृति का योगदान था।



तो दूसरी तरफ पिछले 10 वर्षों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपने अथक प्रयास के बाद क्लीनिक को इस मुकाम तक पहुंचने में अपना योगदान देने वाली डॉ. स्वाति दुबे का अविस्मरणीय योगदान रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान हमारी दिवंगत नानी की स्मृतियों का भी एहसास हो रहा था, तो हमारी मां श्रीमती अनुसुइया दुबे का आशीर्वाद भी मिल रहा था।



शाम लगभग चार बज चुके थे शिविर समापन की ओर बढ़ रहा था, समापन के पहले समाज के सम्मानित सदस्यों आदरणीय श्री मनहरण लाल शर्मा जी, श्री सुभाष दीक्षित जी, श्री सीताराम दीक्षित जी, श्री नीलकंठ शर्मा जी, श्री लवण उपाध्याय जी, श्री किरण शर्मा जी, श्री राकेश उपाध्याय जी, श्री विश्वनाथ शर्मा जी, श्री संजय उपाध्याय जी, संगठन के अध्यक्ष- श्री मनीष उपाध्याय जी, श्री विजेन्द्र उपाध्याय जी, श्री ओम प्रकाश दीक्षित जी के द्वारा मेरे सहित मेरी पूरी टीम को दिया गया अविस्मरणीय स्मृति चिन्ह हमारे लिए खास यादगार रहा। अब कार्यक्रम लगभग अपने समाप्ति की ओर था आज हमारे समाज के हमारे पथ प्रदर्शक



स्व. श्री रामदत्त उपाध्याय जी, भैया स्व. श्री गौतम प्रसाद उपाध्याय जी व स्व. श्री राजेन्द्र दुबे जी की यादें भी हमारे साथ थी। सम्मानपूर्वक विदाई के साथ आज की इस सफलतापूर्वक गरिमामई कार्यक्रम के पीछे हमारे नाना जी आदरणीय श्री काशी प्रसाद उपाध्याय जी (ख्याति प्राप्त रामकथा वाचक छत्तीसगढ़) का आशीर्वाद भी हमें अप्रत्यक्ष रूप से मिला और हम अपनी टीम से यही चर्चा करते रहे कि आज का शिविर समाज, परिवार, ईश्वर व सूर्य भगवान की कृपा से अत्यधिक सफल रहा और जैसे हम सब की कोशिश थी इस स्वास्थ्य शिविर को अपने श्रेष्ठ कैंप के रूप में देखने की हम सबका सपना साकार हुआ।



**सौजन्य: छत्तीसगढ़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज, मुंगेली व अर्पण शुगर क्लीनिक, बिलासपुर**

## खबर संक्षेप

### आईएएस संतोष वर्मा पर ब्राम्हण समाज ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग



**बिलासपुर।** आईएएस संतोष वर्मा के बयान से ब्राम्हण समाज काफी आक्रोशित है। समाज के लोगों ने उन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। विगत दिनों मध्यप्रदेश के आईएएस एवं अजाक्स के अध्यक्ष ने ब्राम्हण कन्याओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है कि जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राम्हण बेटी दान न कर दे तब तक आरक्षण मिलते रहना चाहिए। इस विवादित बयान पर ब्राम्हण समाज में असंतोष है तथा विद्रोह के स्वर उभर रहे हैं। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित के नेतृत्व में एसएसपी रजनेश सिंह एवं सीएसपी परिहार मिलकर संतोष वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द एफआईआर नहीं होती है तो थाना घेराव कर बृहत आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मनोज तिवारी, स्वप्निल शुक्ला, पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय, राजेश शुक्ला, कृष्ण मोहन पान्डेय, प्रभात मिश्रा, जगदीश त्रिवेदी, अखिलेश शुक्ला, दिव्य प्रकाश दुबे, मनीष मिश्रा, पवन तिवारी, निरूपमा बाजपेयी, महिला अध्यक्ष किरन बाजपेयी, मधु अवस्थी, वर्षा अवस्थी, चुट्टु अवस्थी, अनुग्रह मिश्रा, रोशन अवस्थी, मुकेश शास्त्री आदि मौजूद थे।

### सर्व वैश्य तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन बायोडाटा पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट का सर्व वैश्य तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन 21 दिसम्बर रविवार को कसोंधन वैश्य समाज भवन, करबला रोड में आयोजित होने जा रहा है। आयोजन समिति के रमेश गुप्ता के अनुसार उक्त परिचय सम्मेलन में शामिल होने बायोडाटा पंजीयन की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। संस्था के मोबाइल नंबर पर पंजीयन कराया जा सकता है। सर्व वैश्य समाज के बीच वैवाहिक रिश्ते कराने विवाह योग्य युवक युवतियों एवं परिजनों के समकक्ष वैश्य समुदाय के बीच विधवा, विधुर, तलाकशुदा, मांगलिक एवम अधिक आयु के अविवाहित लोगो के लिए यह आयोजन रखा गया है। संयोग 2025 पत्रिका का विमोचन होगा। आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित देश के दस से अधिक राज्यों के वैश्य समाज के प्रतिभागियों द्वारा शामिल होने पंजीयन कराया जा रहा है।

### सेजेस चकरभाठा में शताक्षी ने सफलता का मंत्र अनुशासन को बताया



**बिलासपुर।** पीएमश्री सेजेस विद्यालय चकरभाठ में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी मनोज कुमार यादव यादव ने बताया कि शताक्षी पांडे ने छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2025 में पूरे राज्य में छठवां स्थान एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बच्चों के बीच अपनी सफलता का रहस्य एवं कैसे उन्होंने इस मुकाम को प्राप्त की साझा किया। उन्होंने अपनी सफलता का मुख्य मंत्र अनुशासन एवं कठिन परिश्रम को बताया। उन्होंने बताया कि हर रोज 8 घंटे लगातार पढ़ती थी। साथ ही सोशल मीडिया से पूरी तरह अलग थीं। बच्चों से कहा कि वह अभी जिस क्लास में है उसी क्लास में पूरी तरह से फोकस करें और अभी से सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान दें। शताक्षी पांडे ने बताया कि दसवीं तक की पढ़ाई महर्षि विद्या मंदिर एवं 12वीं की पढ़ाई वसंत विहार डीएवी स्कूल से की जिसमें उन्होंने 92% से उत्तीर्ण की उसके बाद कंप्यूटर साइंस बीआईटी दुर्ग गोल्ड मेडलिस्ट रही। उन्होंने 1 साल कंप्यूटर शिक्षक के रूप में बीआर अंबेडकर सेजेस बिलासपुर में काम किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि जब आप पढ़ाई पढ़ाई को आनंद लेते हुए पढ़ेंगे तो आपको बोर नहीं लगेगा और आपकी एकाग्रता बढ़ेगी। साथ ही साथ बच्चों को यह बताया कि पढ़ाई के साथ अपने हॉबी पर भी विशेष ध्यान दें जिससे उन्हें लगातार पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। स्कूल के प्राचार्य विकास नायक रॉय ने बधाई दी। इस कार्यक्रम में गार्गी सेन पात्र वेद प्रकाश साहू, गरिमा साहनी, मुसाफिर अहमद, आशुतोष पांडे, माधुरी कश्यप, नेमाश्री गुप्ता, मोनिका वर्मा, वीना बजाज, सबीता राय, दीपमाला महंत, क्रिस्टीना जॉन, पारस साहू उपस्थित थे।

### बिलासपुर-बेंगलुरु के बीच स्पेशल लगाएगी 5 फेरे, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**बिलासपुर।** शीतकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए बिलासपुर-यलहंका बेंगलुरु के बीच साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर से यलहंका बेंगलुरु शीतकालीन स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 2 से 30 दिसम्बर तक प्रति मंगलवार को 11 बजे रवाना होकर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वडसा, चांदाफोर्ट, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, काजीपेट, चर्लपल्ली, सिकंदराबाद, तांडूर, यादगीर, कृष्णा जंक्शन, रायचूर, मंत्रालयम रोड, गुंटकल, गुत्ती, अनंतपुर, धर्मवरम होते हुए यलहंका शाम 18.30 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08262 यलहंका बेंगलुरु से बिलासपुर के बीच शीतकालीन स्पेशल ट्रेन 3 से 31 दिसम्बर तक प्रति बुधवार को चलेगी। स्पेशल ट्रेन में एक एसएलआरडी, तीन सामान्य, चार स्लीपर, दो एसी थ्री इकोनामी, आठ एसी थ्री, एक एसी टू, जनरेटर कार सहित 20 कोच की सुविधा यात्रियों के लिए दी जाएगी।

**नियमों और मापदंडों को लेकर उठे सवालों ने सब कुछ रोक दिया** | **इंतजार करते-करते अपने कार्यकाल के अंतिम दिन तक पहुंच गए**

# अदालती प्रक्रिया ने तोड़ा शिक्षकों का सपना, प्राचार्य बनने से पहले हुए रिटायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के ई और टी दोनों ही संवर्गों में इस बार ऐसी स्थिति बनी कि करीब 800 शिक्षकों की वर्षों पुरानी इच्छा अधूरी रह गई। प्राचार्य पद पर पहुंचने का सपना आंखों में लिए वे सेवा समाप्ति के कगार पर खड़े थे, लेकिन ठीक उसी समय विभाग के ही कुछ साथियों द्वारा अदालत का दरवाज़ा खटखटाए जाने से पदोन्नति की पूरी प्रक्रिया थम गई। महीनों तक चले कानूनी विवाद में फैसला आने में इतनी देर हुई कि शिक्षक रिटायर होते गए और प्रिंसिपल बनने का उनका अंतिम मौका हाथ से निकल गया। दुखद यह है कि जिन शिक्षकों ने पूरी जिंदगी सेवा में बिता दी, विभागीय विवाद ने उन्हें उनके हक से दूर कर दिया।

दरअसल स्कूल शिक्षा विभाग प्राचार्य के पद पर पदोन्नति देने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की तैयारी कर चुका था लेकिन नियमों और मापदंडों




को लेकर उठे सवालों ने सबकुछ रोक दिया। मामले में याचिकाएं लगती चली गईं और अदालत में छह महीने से अधिक समय तक सुनवाई चलती रही। इसी दौरान दोनों संवर्गों में हर महीने सैकड़ों शिक्षक रिटायर होते गए। जिनकी पदोन्नति सूची में जगह थी, वे भी अदालत के फैसले का इंतज़ार करते-करते अपने कार्यकाल के अंतिम दिन तक पहुंच गए।

### ई संवर्ग के 350 से अधिक लेक्चरर और एचएम

अदालत का फैसला आया तो कई की सेवा समाप्ति की तारीख बीत चुकी थी। विभागीय रिकॉर्ड बताते हैं कि ई संवर्ग में 1478 प्राचार्य पदों की प्रक्रिया के 350 से अधिक लेक्चरर और हेड मास्टर रिटायर हो गए। टी संवर्ग में भी हालात इसी तरह रहे। कई ऐसे शिक्षक जिनके पास मात्र कुछ महीनों की सेव काउंसलिंग में भी शामिल नहीं हुए क्योंकि रिटायरमेंट के इतने करीब स्थानांतरण या नई पोस्टिंग पेंशन संबंधी दस्तावेजों को जटिल कर देती है। लेक्चरर के वेतनमान में बड़ा अंतर न होने के कारण भी शिक्षकों ने यह जोखिम नहीं उठाया।

### वरिष्ठता के आधार पर उसी वर्ष प्रिंसिपल बन जाते

इस पूरी प्रक्रिया का दूसरा पहलू यह है कि यदि कानूनी विवाद न खड़ा होता, तो इन शिक्षकों को उनके अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर उसी वर्ष प्रिंसिपल मिल जाती। लेकिन विभाग के ही कुछ शिक्षकों ने नीतियों, नियमों और वरिष्ठता सूची को चुनौती देकर पूरा मामला रोक दिया। धीरे-धीरे महीनों की सुनवाई बढ़ती रही और शिक्षकों की सेवा का अमूल्य समय निकलता रहा। आज वे सभी लेक्चरर या हेड मास्टर के पद से रिटायर हो चुके हैं, जबकि उनका सपना करियर के अंतिम वर्ष प्राचार्य के रूप में गुजारने का था।

### विवाद की जड़, नियम 2019 वरिष्ठता और फीडर कैडर

पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब शिक्षक नारायण प्रकाश तिवारी ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी 30 अप्रैल 2025 के पदोन्नति आदेश को चुनौती दी। उनका कहना था कि 2019 के भर्ती नियमों के अनुसार उन्हें वरिष्ठप्ता के आधार पर प्रमुखता मिलनी चाहिए थी, लेकिन उनके कनिष्ठों को पदोन्नति देकर उन्हें वंचित कर दिया गया। उन्होंने याचिका में विभाग के पुराने नियमों, 2014 और 2008 के कोटे, और 2019 के नए प्रावधानों में उठे विरोधाभासों को सामने रखा। उनका मुख्य तर्क यह था कि फीडर कैडर तथा पदोन्नति की श्रेणियों को लेकर विभाग ने स्पष्टता नहीं रखी। नियम 15 के स्पष्टीकरण को पहले ही न्यायालय अल्ट्रा वायर्स घोषित कर चुका था, परंतु विभाग ने नया स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए बिना ही आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसी आधार पर तिवारी सहित अन्य शिक्षकों ने पदोन्नति सूची को चुनौती दी थी।

**नई कवायद:** पेंड्रा व कटघोरा में 1 दिसंबर से शुरू होगा सेंटर

# संभाग के दो जिलों में अब एआरटी सेंटर से मिलेगी एड्स की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स का एंटी रेट्रोवायरल थैरेपी सेंटर जल्द ही संभाग के दो जिलों में लिंक एआरटी सेंटर खोलने जा रहा है। इसकी शुरूआत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसंबर से की जा रही है, जिससे दुरस्त मरीजों को इलाज व दवा के लिए सिम्स आने की मजबूरी से छुटकारा मिल सकेगा।

सिम्स द्वारा चलाए जा रहे एआरटी सेंटर से एड्स के मरीजों को हर दिन दवा का वितरण किया जाता है। हाल ही में जिला अस्पताल के साथ ही केन्द्रीय जेल, जांजगीर और मुंगेली में खोला गया है, लेकिन अब पेंड्रा और कोरबा के कटघोरा में भी लिंक एआरटी सेंटर खोला जाएगा। जहां 6 माह तक एड्स के मरीजों को दवा मिलेगी और उन्हें सिम्स नहीं आना पड़ेगा। दोनों की अलग जिले है और इसकी दूरी 80 से 120 किमी है। खास बात यह है कि लिंक एआरटी में एड्स की दवा मुहय्या कराकर अवसरवादी संक्रमण का इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, 10 माह में 562 मरीज लगातार दवा ले रहे हैं। एआईवी के मरीजों को टीबी होने की आशंका रहती है, जिससे मृत्यु भी हो रही है, ऐसे में लिंक एआरटी सेंटरों में अब टीबी के दवा भी मुफ्त में दी जाती है। इस साल ऐसे 54 मरीजों की पहचान की गई है और उन्हें दवा भी दी जा रही है। सिम्स में स्थापित एआरटी सेंटर न केवल बिलासपुर बल्कि बिलासपुर संभाग के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है। यहां के डाक्टर और स्टाफ की बदौलत मुंगेली, बेमेतरा, कोरबा, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार, जशपुर, कबीरधाम, गौरेला पेंड्रा मारवाही, कोरिया, रायगढ़, सारंगढ़, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के मरीजों को इलाज कराया जा रहा है।




### हाल ही में बढ़े हैं मरीज

जांच में सामने आया है कि गौरेला पेंड्रा मारवाही में एआईवी मरीजों के साथ साथ आईडीयू के मरीज मिल रहे है। मरीज दवा लेने सिम्स आते है लेकिन आने में होने वाली दिक्कतों के कारण मरीज सही तरह से दवा नहीं ले पाते है। ऐसे में राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा लिंक एआरटी बनाया जा रहा है। वर्तमान में पेंड्रा में 210 एचआईवी ग्रसित मरीज हैं।

### इस तरह दी जाती है दवा

एआरटी सेंटरों में प्रारंभिक जांच के बाद ही दवा दी जाती है। उम्र व वजन के हिसाब से अलग-अलग दवाईयां उपलब्ध होती है। एक लंबे समय तक दवा लेने से कुछ मरीजों में लापरवाहीपूर्वक दवा खाने या किसी अन्य कारणों से दवा का असर कम होने लगता है, ऐसी स्थिति में आगे के इलाज केलिए जांच रिपोर्ट को रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। इसके बाद अल्टरनेटिव फर्स्ट लाइन, सेकेंड लाइन या थर्ड लाइन की दवा दी जाती है। साथ ही दूरस्थ स्थित मरीजों बस पास की सुविधा दी जा रही है।

### मिलेगी नियमित दवा

लिंक एआरटी सेंटर दुरस्थ क्षेत्रों के लिए बनाया जाता है, इसका उद्देश्य मरीजों को जल्द से जल्द दवा उपलब्ध कराना है। केन्द्रीय जेल और जिला अस्पताल की तरह ही पेंड्रा और कटघोरा में भी लिंक एआरटी सेंटर खोला जा रहा है, 1 दिसंबर से मरीजों को नियमित दवा मिल सकेगी।
**-डॉ प्रभात श्रीवास्तव**, नोडल अधिकारी, एआरटी सेंटर

# हर्षित की मौत की जांच कर नवोदय स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई हो: अटल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने मृतक छात्र हर्षित यादव के शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

श्री श्रीवास्तव ने हर्षित के मौत की जांच करने एवं स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि बेलगहना के नवोदय स्कूल मल्हार के लापरवाही एवं कुप्रबंधन के कारण एक 15 वर्षीय होनहार 10वी के छात्र हर्षित यादव की मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन द्वारा सर्दी बुखार से पीड़ति छात्र हर्षित की बीमारी को गंभीरता से नही लिया गया और न ही उपचार कराया। यहां तक परिजन को हॉस्पीटल ले जाने के लिए एंबुलेस अथवा चार पहिया वाहन भी उपलब्ध नहीं कराया। जिसके कारण गंभीर छात्र हर्षित को पिता जयप्रकाश यादव द्वारा स्कूल से 40 किमी दूर मोटरसाईकल में बैठाकर बिलासपुर के निजी हॉस्पीटल लाया गया। जहां हर्षित की मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही सुरक्षा मानको की अनदेखी और गैर जिम्मेदारी के कारण एक होनहार छात्र का मौत होना पूरे समाज के लिए अघातजनक है। छात्रावास की अव्यवस्था छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक का उपस्थित नही होना स्कूल के प्राचार्य शिक्षक एवं प्रबंधन के गैर जिम्मेदाराना कृत करना अत्यंत निंदनीय है। इस प्रकार की गंभीर घटना की पुनरावृति को रोकने एवं पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं कलेक्टर से पत्राचार किया गया है।

- **कार्रवाई करने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं कलेक्टर से की मांग**

## सरकार करे एलाइंस एयर के एमओयू में बदलावः संघर्ष समिति



**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस एयर के साथ हुए राज्य सरकार के एमओयू में संशोधन की मांग की गई है। सदस्यों ने कहा कि जबलपुर-जगदलपुर रूट की जगह बिलासपुर-जगदलपुर रूट शामिल किया जाए, ताकि अक्टूबर के पहले चल रहे जगदलपुर- बिलासपुर के बीच चलाई जा रही फ्लाइट को 60 फीसदी से अधिक यात्री मिलते रहे हैं।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि जबलपुर- जगदलपुर के बीच 14 उड़ान हो चुकी है। जिसमें 980 सीट उपलब्ध रही लेकिन महज 275 यात्रियों ने यात्रा की। यह सीटों का 30 फीसदी हिस्सा है। इसके उलट अक्टूबर माह से पहले जगदलपुर बिलासपुर में यात्रियों की 60 फीसदी रही है। सदस्यों ने कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश अलग राज्य है। जगदलपुर से जबलपुर के बीच हवाई सुविधा का पर्याप्त कारण महज हाईकोर्ट ही है। बिलासपुर से जबलपुर और जबलपुर से बिलासपुर आने वाले वकील और लोगों की संख्या ज्यादा है। सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार एमओयू में संशोधन कर सकती है। समिति की मांग है कि जगदलपुर-बिलासपुर के बीच उड़ान शुरू किया जाना चाहिए वहीं दिल्ली की उड़ान 2 दिन बढ़ाई जाए। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का धरना शनिवार को जारी रहा, इस दौरान नारद श्रीवास,संतोष पीपलवा, रामशरण यादव, हर प्रसाद केंवट, परसराम केंवट, अमर बजाज, महेश दुबे, मनोज तिवारी, विजय वर्मा, रणजीत सिंह खनूजा व सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## रेलवे को एक सप्ताह में मिलेगी सीआरएस की रिपोर्ट

**बिलासपुर।** लालखदान रेल हादसे के मामले में सीआरएस ने अंतिम अभियुक्त महिला असिस्टेंट लोको पायलट से पूछताछ कर अपनी जांच पूरी कर ली है, जिनकी रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर मिलने की संभावना है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम करने के साथ ही आटोमेटिक सिग्नलिंग का भी कार्य किया गया है, ताकि ट्रेनों की टक्कर नहीं हो सके। आटोमेटिक सिग्नलिंग यानि एक लाइन पर एक साथ तीन ट्रेन मालगाड़ियां या यात्री ट्रेनों को करीब एक किलोमीटर के अंतराल में चलाया जा सकता है। इसकी पूरी आपरेटिंग आनलाइन की जा रही है। रेलवे की यह योजना चार नवम्बर को पूरी तरह से फेल हो गई, जब आटोमेटिक सिग्नलिंग के चक्कर में दो यलो सिग्नल देखने के बाद एक लोकल के चालक ने अप लाइन पर ट्रेन आगे बढ़ा दी, जो उसी लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इसके जांच की जिम्मेदारी रेलवे बोर्ड ने रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा को दी थी। 27 नवम्बर को श्री मिश्रा अपनी जांच की अंतिम कड़ी में एक बार फिर बिलासपुर पहुंचे।



### क्या था मामला

यह हादसा चार नवम्बर को हुआ था। गतौरा से बिलासपुर स्टेशन के बीच आ रही कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू के चालक को गतौरा से ट्रेन छूटने के बाद लालखदान के पहले रेड सिग्नल दिखा, जिसके उपरांत उन्होंने ट्रेन को रोक दिया। लालखदान मोड़ के पास अचानक चालक ने दूसरे लाइन के दो यलो सिग्नल देखा और ट्रेन को 70 किलोमीटर प्रति रफ्तार से आगे बढ़ा दिया। यह ट्रेन अप लाइन पर चल पड़ी, जहां पहले से ही कोयला लोडेड मालगाड़ी खड़ी हुई थी। अचानक मालगाड़ी को देखकर चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाई। इसके बावजूद लोकल ट्रेन मालगाड़ी कें ऊपर चढ़ गई थी।

# अपनामार्ट का 'होलसेल हफ्ता' शहर में 7 दिसंबर तक




बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक अपनामार्ट का 'होलसेल हफ्ता' शहर में लौट रहा है। इस बार डिस्काउंट पहले से ज़बरदस्त हैं। रांची में सर्दियों की खरीदारी का यह चरम समय है। ड्राई फ्रूट, घी, शहद, च्यवनप्राश, हॉट सूप और अन्य विंटर-एसेंशियल्स जैसे महंगे आइटमों पर 50% से अधिक की छूट दी जा रही है। अपनामार्ट ने इस बार बड़े पैक, फैमिली-सेवर कॉम्बो और सीजनल हेल्थ प्रोडक्ट्स पर अतिरिक्त लाभ भी जोड़ा है, ताकि ग्राहक महीने भर का स्टॉक एक ही बार में सबसे कम दामों पर खरीद सकें। साथ ही, 'राइस मेला' में बासमती, मिनिकेट जैसी लोकप्रिय वैरायटी थोक रेट पर उपलब्ध होंगी, जिससे चावल की बड़ी खपत वाले परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। कांके, बरियातू, हरमू और रातू रोड सहित रांची के प्रमुख इलाकों के अपनामार्ट स्टोर्स पूरी तरह सज चुके हैं, जहां अलग-अलग कैटेगरी के लिए विशेष 'होलसेल ज़ोन' बनाए गए हैं। 10-मिनट ऑनलाइन डिलीवरी के लिए अतिरिक्त स्टाफ और उन्नत रूटिंग तैयार की गई है, ताकि खरीदारों को तेजी से डिलीवरी मिल सके। कंपनी का उद्देश्य है कि परिवार इस एक सप्ताह में सर्दियों और महीने भर का अधिकतर सामान सबसे किफायती दरों पर हासिल कर सकें। पिछले महीनों में मिली मजबूत प्रतिक्रिया के बाद अपनामार्ट इस बार के होलसेल हफ्ते को और बड़ा, बेहतर और शहर के ग्राहकों के लिए पहले से ज़्यादा बचत वाला बनाने का दावा कर रहा है।

## जिला अस्पताल में नवजात की मौत, लापरवाही का आरोप

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में चल रही अव्यवस्था यहां के मरीजों को भारी पड़ रही है। डाक्टरों की आपसी लड़ाई और स्टाफ के मनमाने रवैये के कारण मरीजों को जान से हाथ धोना पड़ रहा है। प्रसव के बाद नवजात की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गैरजिम्मेदाराना रवैये की शिकायत की है।

मामले के अनुसार सरकंडा बंधवापारा निवासी श्रद्धा सिंह ठाकुर 32 साल पति कोपेश्वर सिंह ठाकुर का प्रसव पीड़ा के बाद 24 नवंबर को दोपहर 3 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात 10.27 बजे महिला ने बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के तुरंत बाद बच्चे की हालत खराब होने लगी। बिना डाक्टरों के देखरेख के नवजात को वेंटीलेटर में रख दिया गया। इस दौरान नवजात की मौत हो गई। इसके बाद महिला व परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का आरोप है कि प्रसव महिला और नवजात के प्रति अस्पताल स्टाफ का व्यवहार गैरजिम्मेदाराना है। नवजात को समय पर सही देखभाल और उपचार मिलने से उसकी जान बच सकती थी लेकिन प्रसव के लिए तड़पती महिला की फरियाद सुनने वाला कोई नहीं था। इस दौरान डाक्टर भी गैर मौजूद थे, जबतक महिला का प्रसव कराया गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। डाक्टर और स्टाफ की लापरवाही का खामियाजा बच्चे की जान से चुकाने वाले परिजन अब इसकी शिकायत आला अधिकारियों से करने की बात कह रहे हैं।

आर्शीवाद समारोह स्थगित




मेरी पत्नी श्रीमती दर्शना ताम्रकार का दिनांक 20.11.2025 को आकस्मिक निधन होने के कारण मेरे पुत्र अमन ताम्रकार का विवाहोपरान्त 30.11.2025 को रवि रिसार्ट, बिलासपुर में आयोजित आर्शीवाद समारोह निरस्त किया जाता है।

अरुण ताम्रकार
जापान टाल परिवार, जूनी लाईन बिलासपुर
मो. 9827181103

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

स्वदेशी खादी महोत्सव
15 नवम्बर से 25 दिसम्बर 2025
सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक



भारतीय पारंपरिक वस्त्र परिधानों एवं हस्तशिल्प कलाओं का अनुपम संग्रह
स्पेशल अट्रेक्शन / तकरीबन एक लाख वैरायटी
बिहार का भागलपुर ड्रेस | बंगाली काथासिल्क साड़ी | वाराणसी सिल्क मटेरियल साड़ी
सहारनपुर फर्निचर, | पोलकी की ज्वेलरी, | मेरठ की खादी कुर्ते एवं बेडशीट,
असम मुगा सिल्क | राजस्थानी चुन्नी दुपट्टा | एवं कंजूमर की ढेर सारी वैरायटी
उलन वस्त्रों की विशाल रेंज, कश्मीरी सिल्क साड़ी, कश्मीरी शॉल, पशमीना शॉल, गुजराती शॉल
स्थान: सीएमडी कॉलेज ग्राउंड, बिलासपुर (छ.ग.)
आयोजक : स्वदेशी खादी महोत्सव , प्रायोजक : शुभ वेंचर

## खबर संक्षेप

### पंजीयन व रकबा संशोधन की अंतिम तिथि आज तक

**मुंगेली।** शासन ने किसानों को राहत देते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 हेतु नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर तक की गई है। जिन किसानों का पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है या जिनके खातों में त्रुटियां हैं, वे अब समिति में जाकर आसानी से संशोधन व पंजीयन कर सकते हैं। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार रकबा संशोधन, कैरी फारवर्ड, टोकन संबंधी समस्या, खसरा नंबर अपडेट एवं एग्रीस्टेक पोर्टल में प्रविष्टि हेतु सभी प्राथमिक समितियों को 30 नवंबर तक सुधार कार्य करने की अनुमति दी गई है। किसानों को अपने खाते के सभी खसरा नम्बरों को एग्रीस्टेक पोर्टल में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से एन्ट्री कराना होगा, तत्पश्चात एग्रीस्टेक की सूची एवं आधार कार्ड की प्रति लेकर समिति में जाकर निर्धारित समय सीमा में सुधार कराया जा सकता है। इस संबंध में सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क 1800–233–1030 और खाद्य विभाग का नम्बर 1800–233–3663 जारी किया गया है। सभी किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी भूमि खातों के सभी खसरा नंबरों का मिलान कर एग्रीस्टैक पोर्टल में प्रविष्टि करवाएं, और आधार कार्ड की प्रति लेकर समिति में जाकर समयावधि में सुधार अवश्य करा लें।

### एसआईआर के लिए शिफ्ट में ड्यूटी देंगे अधिकारी-कर्मचारियों

**मुंगेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की संदर्भ तिथि पर निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में कार्यों की सतत निगरानी एवं त्वरित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार की ओर से आदेश जारी किया गया है।

## निधन

### कृष्णा बाई देवांगन




**बिलासपुर।** अशोक विहार फेस 2 निवासी कृष्णा बाई देवांगन का 85 वर्ष की आयु में 28 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 नवंबर शनिवार को चांटीडीह मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय हजारी लाल देवांगन की पत्नी, नंदकिशोर, छबि लाल, यशवंत, अश्वनी देवांगन की मां थीं।

### रामा देवी कौशिक



**बिलासपुर।** गनियारी निवासी रामा देवी कौशिक का 29 नवंबर को निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गनियारी में किया गया । वे नेतराम, गेंदराम कौशिक की मां और मंडल व मनीष कौशिक की दादी थीं।

### अरुण लाल



**बिलासपुर।** ओम नगर जरहाभाठा निवासी अरुण कुमार लाल का शनिवार की रात निधन हो गया। वे अभिषेक व नीलेश लाल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर एक बजे सिंधी कालोनी स्थित प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये।

### अन्नू सिंह राजपूत



**बिलासपुर।** ग्राम जांजी निवासी अन्नू सिंह राजपूत का 29 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 नवंब को सुबह 10 बजे गृहग्राम जांजी में होगा। वे पुरुषोत्तम सिंह राजपूत (गुड्डा ) प्रेम सिंह के पिता थे।

---

### सेतु निगम की रिपोर्ट पर विभाग ने लगाया प्रतिबंध, तरदा कनकी होकर गुजरेंगे वाहन

# कुदुरमाल पुल जर्जर, पीडब्ल्यूडी ने वाहनों के आवागमन पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोक निर्माण विभाग ने सेतु निगम की रिपोर्ट पर कुदुरमाल पुल से वाहनों के आवागमन पर शनिवार देर शाम रोक लगाने की कार्यवाही करते हुए वाहनों के आवागमन के प्रतिबंध का बोर्ड लगा दिया है। सेतु निगम ने अपनी रिपोर्ट में पुल के एक पिलर के पूरी तरह से जर्जर होने के कारण किसी भी समय हादसा होने का उल्लेख किया है।

हसदेव नदी पर बने जिले के सबसे पुराने पुल में शामिल कुदुरमाल पुल के एक पिलर के जर्जर होने को लेकर पिछले कुछ समय से विभागीय स्तर पर तकनीकी जांच चल रही थी। पुल के जर्जर होने को लेकर जिला प्रशासन को भी इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए सेतु निगम विभाग की तकनीकी टीम ने पुल का निरीक्षण किया था। जिसमें पुल के एक पिलर का बेरिंग खराब होने और नीचे से जर्जर होने की रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग को सौंपी थी जिसमें विभाग ने पुल के जर्जर होने और वाहनों के आवागमन से किसी भी तरह के हादसे की आशंका जताते हुए वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की अनुशंसा की थी। सेतु निगम की रिपोर्ट पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री जांगड़े ने कुदुरमाल पुल से वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के निर्देश विभागीय अमले को दिए। शनिवार देर शाम लोक निर्माण विभाग की टीम हसदेव पुल पहुंची और वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए बोर्ड भी लगा दिया है। हसदेव नदी पर बना कुदुरमाल का पुल जिले में बने सबसे लंबे पुल में शामिल है। उक्त पुल से यात्री वाहनों के अलावा कोयला लोड भारी वाहनों का भी आवागमन सतत होता रहा है। जिले की अर्थव्यवस्था का एक साधन हुआ करता था यह पुल।



घेरे में पुल का क्षतिग्रस्त पीलर।

**रिपोर्ट पर कार्रवाई**

सेतु निगम ने कुदुरमाल पुल के संबंध में अपनी रिपोर्ट दी है जिसमें पुल के जर्जर होने का उल्लेख कर वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए लिखा है। उस रिपोर्ट के आधार पर पुल से वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है।

**-जे आर जांगड़े,** कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग

**बदलेगा वाहनों का मार्ग**

पुल पर वाहनों के आवागमन से रोक लगने के कारण अब वाहन तरदा कनबेरी सर्वमंगला मार्ग होते हुए घूमकर जाएंगे। उक्त मार्ग पर भारी वाहनों और यात्री वाहनों के आवागमन से तरदा कनकी मार्ग में भी वाहनों का दबाव बढ़ेगा। इसी तरह उरगा से कोरबा मार्ग में भी वाहनों का दबाव बढ़ेगा। हालांकि विभाग के द्वारा वैकल्पिक मार्ग की तलाश किया जा रहा है। रविवार को लोक निर्माण विभाग की टीम एक बार फिर पुल का निरीक्षण करेगी।

---

## सेवानिवृत्त बीएसएनल एसडीओ के घर लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएसएनल से सेवानिवृत हुए एक एसडीओ अपने परिवार सहित बिलासपुर भागवत कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। इस दौरान उनके सूने मकान में चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखे अलमारी से लाखों रुपए कीमती सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम की चोरी कर ली गई है। पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदात से पुलिस भी परेशान है और पुलिस आरोपियों के गिरेबांह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष नगर मकान नंबर सी1, सी2 एमआईजी 39 में भारतीय दूरसंचार सेवा से एसडीओ सेवानिवृत्त हुए हरिप्रसाद सोनी का परिवार निवास करता है। बताया जाता है कि हरिप्रसाद सोनी के परिवार में भागवत कार्यक्रम आयोजित था कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री सोनी सपरिवार 11 नवंबर को बिलासपुर गए हुए थे। इस बीच उनके घर में ताला बंद था और घर की देखरेख के लिए कामवाली बाई को जिम्मेदारी दी गई थी। इस बीच शनिवार की सुबह जब रोज की तरह बाई पहुंची तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है उसने तुरंत इसकी सूचना आसपास में रहने वाले पड़ोसियों को दी और उन्होंने हरिप्रसाद सोनी को सूचनी दी। जिसके बाद हरिप्रसाद सोनी अपने परिवार सहित वापस अपने घर लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है अलमारी के सारे सामान बिखरा हुआ है। जिसके बाद हरिप्रसाद ने सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मामले की बारीकी से जांच की। हरिप्रसाद सोने के मुताबिक चोरों ने घर में रखे 5 तोला सोना, चांदी के जेवरात सहित पर 5 हजार नगद सहित लगभग लाखों माल पार कर दिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

---

## 40 नग रेल पाथ को काटकर ले जाने के फिराक में थे कबाड़ चोर, पुलिस ने दी दबिश



पुलिस द्वारा जप्त रेल पाथ।




जप्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कबाड़ चोरों के हौंसले इस कदर बुलंद है कि अब वह रेलवे की संपत्ति को भी काटकर बेचने लगे हैं। नया मामला छुराकछार से एनटीपीसी के लिए जाने वाली बंद पड़ी रेलवे लाईन की है। जहां तड़के कबाड़ गिरोह के सदस्य गैस कटर लेकर रेल पाथ को काटकर पिकअप वाहन में लोड कर भागने की तैयारी में थे लेकिन पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां कबाड़ चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले लेकिन पुलिस ने एक पिकअप वाहन को जप्त किया है जिसमें 40 नग रेल पाथ और ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लोड थी फिलहाल पुलिस ने धारा 102 के तहत सामानों को जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार छुराकछार एनटीपीसी की बंद पड़ी रेल लाइन पर कबाड़ चोरों की नजर है। बताया जाता है कि कबाड़ चोर गिरोह के सदस्य शुक्रवार की तड़के पिकअप वाहन को लेकर पूरे साजो समान के साथ पहुंचे हुए थे जहां गैस कटर की मदद से 40 नग रेल पाथ को काटकर पिकअप क्रमांक सीजी 10 एजेड 4376 में लोड कर चुके थे लेकिन मुखबीर की सूचना जैसे ही बांकीमोंगरा पुलिस को मिली तो पुलिस की टीम ने तड़के 5 बजे रेल पाथ पर पहुंची और पुलिस की गाड़ी को आता देखकर कबाड़ गिरोह मौके से भाग खड़े हुए। पुलिस ने मौके स्थल से 40 नग रेल पाथ से लोड पिकअप वाहन को जप्त किया है। जिसमें दो नग ऑक्सीजन गैस सिलेंडर भी भरा हुआ था। फिलहाल पुलिस ने उक्त वाहन व उसमें रेल पाथ को धारा 102 के तहत जप्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है कि आखिर किस गिरोह द्वारा कबाड़ की चोरी की जा रही थी। पुलिस इस मामले में जल्द ही आरोपियों की गिरेबांह तक पहुंचेगी।

**खास बातें**

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र का मामला, छुराकछार से एनटीपीसी की बंद रेल लाइन को बना रहे थे निशाना
- कबाड़ गिरोह के सभी सदस्य मौके से फरार, पुलिस जुटी जांच में

**बिलासपुर से जुड़े हो सकते हैं तार**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में पिकअप क्रमांक सीजी 10 एजेड 4376 बिलासपुर वार्ड क्रमांक 23 निवासी रज्जाक खान पिता हामिद खान के नाम होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जांच के बाद स्पष्ट होगा कि वाहन किसने और कहां से लिया था और वाहन को कौन-कौन इस्तेमाल कर रहा था। पुलिसिया जांच आने के बाद ही इस गिरोह का पर्दाफाश होगा कि इस गिरोह के द्वारा किस-किस इलाके में कबाड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है।

---

## सीएमपीडीआईएल का दबदबा खत्म, अब निजी कंपनियां भी करेंगी कोयले की खोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाईन का काम निजी कंपनियां भी करेंगी। कोयला मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर 18 निजी कंपनियों को इसके लिए अधिकृत किया है। कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (सीएमपीडीआईएल) देश की एकमात्र सरकारी एजेंसी है जिसके द्वारा कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाइन किया जा रहा है। सीएमपीडीआईएल का गठन 1973 को किया गया था। केन्द्र सरकार ने अब इस क्षेत्र में निजी सेक्टर की भी एंट्री करा दी है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देशभर में कोयले की खोज में निजी कंपनियों को भी शामिल कर लिया है। इस पहल का उद्देश्य कोयला खदानों के संचालन में तेजी लाना और उत्पादन को बढ़ाना है। सरकार ने कोयला तथा लिग्नाइट की खोज एवं अन्वेषण के लिए अधिकृत एजेंसियों की सूची का विस्तार करते हुए 18 नई संस्थाओं को इसमें शामिल करने की जानकारी दी। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे प्रावधान के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय गुणवत्ता परिषद-राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त निजी संस्थाओं को 26 नवंबर को मान्यता प्राप्त पूर्वेक्षण एजेंसियों के रूप में अधिसूचित किया गया है। इससे कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए 18 और एजेंसियां जुड़ जाएंगी, जिससे कोयला ब्लॉक आवंटियों को कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए इन एजेंसियों को नियुक्त करने में अधिक विकल्प मिलेगा। कोयला खदान के संचालन के लिए भूगर्भीय रिपोर्ट का अन्वेषण और तैयारी एक पूर्व शर्त है। इन अन्वेषण एजेंसियों के जुड़ने से लगभग 6 महीने का समय बचेगा, जो पहले एजेंसी द्वारा लाइसेंस प्राप्त करने में लगता था। अधिकृत संभावित एजेंसियों के समूह का विस्तार करके, सरकार निजी क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करना और अन्वेषण में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है। कोयला मंत्रालय ने कहा है कि उम्मीद है कि इस कदम से अन्वेषण की गति में काफी तेजी आएगी और खनन को जल्दी बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे संसाधन विकास में तेजी आएगी और देश के लिए कोयला और लिग्नाइट की उपलब्धता बढ़ेगी।




फाइल फोटो

**वर्ष 1973 में सीएमपीडीआई का हुआ था गठन**

सीएमपीडीआई का गठन 1973 को हुआ था। सीएमपीडीआई ने भारत में सभी प्रकार के भू-भागों तथा भू-वैज्ञानिक संरचनाओं में उपलब्ध 1 हजार से अधिक कोयला गवेषण परियोजनाएं पूरी की है। इसके परिणामस्वरूप 95 बिलियन टन कोयला उपलब्ध हुआ है। सीएमपीडीआई ने अपनी सेवाओं का विस्तार मैगनीज, लौह अयस्क (आयरन ओर) रॉक फास्फेट तक किया है। इसने तंजानियां में भी गवेषण का कार्य किया है। सीएमपीडीआई देश के सात राज्यों में फैले 18 ड्रिलिंग कैम्पों तथा आउट सोर्सिंग के माध्यम से 5 लाख मी. ड्रिलिंग करता है। सीएमपीडीआई का आईपीओ भी जल्द आ रहा है।

**इन कंपनियों को किया गया शामिल**

इंडियन माइन प्लानर्स एंड कंसल्टेंट्स, कोलकाता, पश्चिम बंगाल मैट्रिक्स माइनिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा, यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, माहेश्वरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल प्राकृतिक संसाधन प्रभाग – टाटा स्टील लिमिटेड, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड, माइनिंग एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, बर्दवान, पश्चिम बंगाल, जेम्को काटी एक्सप्लोरेशन पी लिमिटेड, चंद्रपुर, साउथ वेस्ट पिनेकल एक्सप्लोरेशन लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा जियो टेक्निकल माइनिंग सॉल्यूशंस, धर्मपुरी, तमिलनाडु, नोबोमाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पूर्वी खासी पहाड़ियाँ, मेघालय सुरमाइन कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली कार्तिकय एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर, महाराष्ट्र, माइनिंग टेक कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात, जेम्स प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, रांची, झारखंड, रेवल कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद, गुजरात, जीएमएमसीओ टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना सिनर्जी जियोटेक प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर, महाराष्ट्र , एपीसी ड्रिलिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, नम्माकल, तमिलनाडु।

---

## झोलाछाप डॉक्टर से बालिका का उपचार कराना पड़ा महंगा

**अम्बिकापुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में आज भी जागरूकता की कमी है। हालांकि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बावजूद इसके ग्रामीण अस्पताल के बजाए झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराते है जिसका खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है। दरिमा क्षेत्र निवासी एक परिवार को झोलाछाप डॉक्टर से बालिका का उपचार कराना उस समय महंगा पड़ गया जब बीती रात अचानक तबीयत बिगड़ने से बालिका की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा खुर्द निवासी लक्ष्मी वैष्णव आ. राजेश्वर प्रसाद वैष्णव (14 वर्ष) 26 नवम्बर को पेट में दर्द होने की शिकायत की। जिस पर बहन मोकेश्वर वैष्णव ने अमिन वैष्णव के साथ बालिका का इलाज व जांच करने करजी चौक समीप स्थित वैष्णव क्लीनिक लेकर गई। जहां क्लीनिक संचालक ने बालिका की जांच कराने के पश्चात दो इंजेक्शन और टेबलेट व सिरप दिया। बीती रात खांसी आने पर बालिका सिरप पीने लगी तभी उसकी तबीयत और भी बिगड़ गई। परिजन देर रात रामानुज वैष्णव, राकेश सिंह, राहुल वैष्णव के साथ बोलेरो से आनन-फानन में बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बंद पड़ी फाइल को खोलकर गिरफ्तार किया गया ठगी का आरोपी

**अंबिकापुर।** गड़ा धन निकालने के नाम पर पूजा पाठ का ढोंग कर नगदी और सोने की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी का सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने चार साल पहले केस खत्म कर दिया था लेकिन एक बार फिर से पुलिस ने प्रकरण की फाइल खोली और आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर सहेली गली निवासी 52 वर्षीय जगदीश विश्वकर्मा अ. स्व. छुट्टू विश्वकर्मा से वर्ष 2019 में संजय मिश्रा व अन्य लोगों ने पूजा पाठ कर गड़ा हुआ धन निकालने के नाम पर 40 हजार रुपए और 21 तोला सोने की ठगी की थी। इस मामले में पुलिस वर्षों से आरोपियों की तलाश कर रही थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर 10 अगस्त 2021 को प्रकरण का खात्मा कर केस बंद आकर दिया गया था।

## 25 किमी की दूरी तय कर दंतैल पहुंचा बिसाही नवापारा बस्ती में, ली पति-पत्नी की जान

**प्रतापपुर/सोनगरा।** लम्बे समय से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के विभिन्न जंगलों में भ्रमण कर लोनर दंतैल रातो रात 25 किमी की दूरी तय कर वन परिक्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कपसरा अंतर्गत बिसाही नवापारा के मुराडांड पारा बस्ती में दाखिल हो गया। दंतैल ने अपने घर के पास खलिहान में सो रहे दम्पति की जान ले ली। बताया जा रहा है कि लोनर दंतैल पहले भी कई बार आसपास के जंगलों में गया है लेकिन कभी इतनी लम्बी दूरी तय नहीं की। दंतैल के घुई जंगल की ओर जाने की संभावना पर वनकर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इधर दंतैल अपने पारंपरिक मार्ग को छोड़कर पोड़ी कपसरा अनरोखा जंगल के रास्ते बीती रात ढाई बजे बिसाही नवापारा के मुराडांड बस्ती में पहुंच गया।

* **अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नर्मदापारा निवासी निरेंद्र यादव आ. बिरझू यादव (25 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा लिया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम हाफा प.ह.नं.- 44, रा.नि.मं. एवं तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-क्रमशः 585 एवं 586 रकबा क्रमशः 40 डि. एवं 22 डि. की भूमि स्वामी श्रीमती शिल्पा नारंग पति प्रशांत नारंग, ख.नं. 216 रकबा 14 डि० भूमि स्वामी सतीश श्रीवास, ख.नं.-228/3 रकबा 77 डि. भूमि स्वामी-शकुन बाई पति राजाराम, ख०नं०- 235/1 रकबा 48 डि. भूमि स्वामी राजाराम बसावन हैं, जिनसे उल्लेखित सभी खसरा, रकबा को भूमि को क्रेता/फर्म पामग्रीन इंफ्रा बिल्ड भागीदार- संतराम साहू पिता मुटान राम साहू, निवासी गीतांजली हाउस अमेरी मार्ग, नेहरू नगर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया गया है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय / बैंक को उपरोक्त उल्लेखित भूमि के व भूमि विक्रेतागणों के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित नीचे दिये गये पते पर आवश्यक रूप से उपस्थित होकर किया जावे, अन्यथा समयावधि पश्चात् किये जाने वाले आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, तथा क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक- 29/11/2025
बिलासपुर छ.ग.

भवदीय/क्रेता संतराम साहू
संतराम साहू पिता मुटान राम साहू
पता- गीतांजली हाउस अमेरी
नेहरू नगर बिलासपुर छ.ग.
मोबाइल नंबर-8770033837

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील-बिलासपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक/ /सीमांकन/रा.नि./2025
दिनांक 12/11/2025

आवेदक अंबर नाथ बैनर्जी आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी अन्य सर्व संबंधित

**विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।**

संदर्भ–न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./तह./ ना.तह./वा/ 2025 बिलासपुर दिनांक 04/11/2025

ग्राम दोमुहानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 185/17 रकबा 0.105 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका अंबर नाथ बैनर्जी पिता एम के बैनर्जी निवासी....जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति. तह. /ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30.11.2025 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीप: अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी
तहसील व जिला-बिलासपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**- ईश्तहार-**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

पक्षकार:- श्रीमती उषा सलूजा पति स्व. अमरनाथ सलूजा...**आवेदिका** बनाम राजेश कुमार सलूजा पिता हरनाम सलूजा....**अनावेदक।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उषा सलूजा पति स्व. अमरनाथ सलूजा निवासी मकान नं.04 वार्ड नं.37 नियर ओल्ड हाईकोर्ट आदर्श कालोनी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जूना बिलासपुर शीट नं.39 प्लाट नं. 1/92 रकबा 1770 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में अनावेदक राजेश कुमार सलूजा पिता हरनाम सलूजा के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के व्दारा उक्त भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26.09.2025 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 10/12/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 26 /11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ Q / सीमांकन /रा.नि./2025
बिलासपुर, दिनांक 21/11/2025

प्रति,
1. आवेदक जितेन्द्र कुमार साहू पिता मनहरण लाल साहू
...आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी।
2.उमर आरिफ पिता अली अकरम
3.विभूलाल अजगल्ले पिता स्व. रामभरोस
4. विजय गोपाल
5.संतोष कुमार पिता तिथीराम एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

**संदर्भ:**न्यायालय तहसीलदार /अति. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्रमांक/Q/ तह. /ना.तह./वा.2025 बिलासपुर दिनांक 06/11/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.म. मोपका, तहसील व जिला–बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2055/12 रकबा –0.0200 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक जितेन्द्र कुमार साहू निवासी शारदा चौक चिंगराजपारा बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 15/12/25 को समय 10.00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होंवे एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका

**The Court Of II Additional District Judge, District Court, Dindori**
**Presiding Officer:** शिव कुमार कौशल
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS HM/0000019-2025)
नारायण प्रसाद अग्रवाल.... वादी
VS
पिंकी अग्रवाल .........प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक : 19/01/2026

प्रेषिती–
(1) पिंकी अग्रवाल पति नारायण प्रसाद अग्रवाल उम्र 36 वर्ष पता–निवासी ग्राम धोबर थाना पेण्ड्रा तहसील मरवाही जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग.

यह कि प्रार्थी नारायण प्रसाद अग्रवाल ने आपके विरूद्ध अंतर्गत धारा 13 ख हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 25 नवंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

शिव कुमार कौशल
द्वितीय जिला न्यायाधीश
डिण्डौरी (म.प्र.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार सुरेश कुमार साहू पिता श्री गोपाल साहू एवं महेश सिंह पिता चून्नी लाल दोनो निवासी बिलासपुर छ.ग. वालो की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर इस आम सूचना का प्रकाशन करता हूं कि मेरे पक्षकार सुरेश साहू एवं महेश सिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम मंदवानी प.ह.न. 37, रा.नि.मं. सिलदहा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. में स्थित कृषि भूमि ख.न. 193/3, 193/4 एवं 193/1, 193/2 कुल वर्तमान बचत रकबा 0.52 ए. भूमि स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि है उपरोक्त खसरा नंबर में से कुछ टुकड़े भूमि को नेशनल हाईवे अर्थारिटी द्वारा रायपुर – बिलासपुर रोड हेतु अधिग्रहित कर उपरोक्त भूमि के मुआवजा राशि मेरे पक्षकारगण को प्रदान की जा चुकि है उपरोक्त भूमि को वर्तमान में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा दिखाते हुए विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है।

उपरोक्त भूमि मेरे पक्षकारगण की आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि है जिसे विक्रय करने हेतु किसी भी व्यक्ति को न तो अधिकृत किया गया है और न ही कोई अधिकार पत्र किसी भी व्यक्ति के पक्ष में निष्पादित किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त भूमि के संबंध में आम जन कोई भी क्रय विक्रय या अन्य संव्यवहार न करें यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कोई संव्यवहार मेरे पक्षकारगण से भिन्न व्यक्ति के द्वारा किया जाता है तो वह पूर्णत: झूठा व अवैधानिक संव्यवहार होगा, जिससे किसी वैधानिक अधिकार की प्राप्ति नहीं होगी। सो सूचना जानें।

दिनांक– 28/11/2025
स्थान – बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
संजीव कुमार शर्मा, अधिवक्ता
सी–12 नेचर सिटी सकरी रोड
बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9329855103

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




# बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाएं

**ठंड की दस्तक के साथ ही बच्चे फ्लू, सर्दी जुकाम जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। बच्चों में प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। ऐसे में हर माता पिता सबसे बड़ी चिंता इस मौसम में बच्चे को इन रोगों से सुरक्षित रखने की होती है। इस मौसम में विशेष देखभाल की जरूरत है ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए उनके खान -पान पर ध्यान देना जरूरी है। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक तुरंत सर्दी हो सकती है, इसलिए हमेशा हल्का गर्म खाना या गुनगुना पानी ही पिलानी चाहिए। ठंड के मौसम में बच्चे पानी कम पीते हैं जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाने से बीमार पड़ सकते हैं। इसलिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा तरल भोजन दूध आदि से पानी की कमी को दूर करनी चाहिए। शिशु के सम्पूर्ण विकास के लिए शुरुआती कुछ वर्ष और उस अवधि में मिलने वाला पोषण बेहद महत्वपूर्ण होता है। सर्दी के मौसम में गर्म कपड़ों का प्रयोग जरूरी बड़ों के मुक़ाबले छोटों को सर्दी जल्दी लगती है इसलिए उन्हें पूरे बांह के कपड़े और गर्म कपड़े स्वेटर, टोपी, दस्ताने मोजे पहनाए रखना चाहिए। बच्चों के सिर, पैर और कानों को अच्छी तरह ढंककर रखना जरूरी है ताकि ये ठंड की चपेट में नही आये। सर्दी में हवा में नमी कम होने से त्वचा पर चकते पड़ जाते हैं। बच्चों की त्वचा काफी कोमल होती है इसलिए ये चकते उनको तकलीफ दे सकते हैं। इससे बचाने के लिए मुलायम सूती कपड़े पहनाएं और उसके ऊपर शरीर को गर्म रखने के लिए ऊनी कपड़ों का प्रयोग करें। गीले कपड़े तुरंत उतार दें और शरीर को सूखा रखें। जरूरी कारण से बड़े बच्चों के घर से बाहर जाने पर मास्क और सैनिटाइजर प्रयोग में लाने का निर्देश दें तथा दो गज की शारीरिक दूरी बना कर रखने को कहें।

**गर्म कपड़े और खान-पान का रखे ख्याल, पानी की कमी को दूर करने तरल पदार्थों का करें सेवन**



## नियमित व्यायाम व खानपान बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी



डॉ ने बताया कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के माता-पिता को अपनी सेहत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ठंड के मौसम में हृदय रोगियों के लिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि सर्दी के दिनों में हृदय पर अधिक दबाव पड़ता है। ऐसे में बेहतर स्वास्थ्य के लिए बीपी, शुगर और हृदय रोगियों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। कार्डियोलॉजिस्ट ने कहा कि दिनभर की भागदौड़ के चलते नियमित दवाई नहीं ले रहे, जिससे उनमें हार्ट अटैक की समस्या देखने को मिल रही। इसका एक मुख्य कारण बीपी का बढ़ना भी है, ऐसे में नियमित व्यायाम और खानपान बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है। ब्लडप्रेशर और शुगर की दवाईयां नियमित समय पर लेनी चाहिए। साथ ही हृदय रोगी खून पतला करने की दवाई सर्दी के दिनों में रोजाना लें। हृदय रोगी विवाह उत्सव में सादा और नियमित भोजन करने का प्रयास करें, ताकि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा न बढ़े।

## बच्चों को 9 से 11 घंटे की नींद जरूरी

फल शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। संक्रमण से लड़ने के लिए पोषक तत्व की जरूरत होती है। बच्चों को भरपूर पोषण वाली सब्जियां और फलों का सेवन जरूर कराएं। पूरी नींद न लेने से सर्दी जुकाम होने की समस्या अधिक हो सकती है। 5 से 13 साल के बच्चों को 9 से 11 घंटे की नींद लेनी चाहिए। यदि पूरी नींद लेंगे तो उनकी इम्युनिटी भी मजबूत बनेगी।



वैकेंसी

## मौसम विज्ञान विभाग में प्रोजेक्ट स्टाफ के पदों पर निकली भर्ती



**बिलासपुर।** सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से प्रोजेक्ट पोजीशन के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है, 14 दिसंबर तक जारी रहेगी। भर्ती में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं योग्य अभ्यार्थी तय तिथियों के अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे, ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। इस भर्ती में भाग लेने के लिए पदानुसार अभ्यर्थी ने साइंस, कंप्यूटर, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलिकॉम में बैचलर डिग्री/बैचलर के साथ कंप्यूटर स्किल वाले अभ्यर्थी फॉर्म भर सकते हैं। कुछ पदों के लिए निर्धारित अनुभव की मांग भी की गई है। इसके अलावा पद के अनुसार उम्मीदवार की अधिकतम उम्र 14 दिसंबर को ध्यान में रखते हुए, 30/35/40/45/50 साल से ज्यादा न हो। योग्यता के लिए अभ्ययों नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

### एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन शुरू

इंडियन एयरफोर्स की ओर से एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आस्टार्ट कर दी गई है। जो भी अभ्यर्थी इस एग्जाम की तैवरियों में लगे हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र भर सकते हैं। फॉर्म केवल ऑनलाइन ही भरा जा सकता है. अन्य किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं होंगे। ऑनलाइन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 9 दिसंबर निधारित की गई है।

आयोजन

## रक्षा टीम के साथ मिलकर चलाया गया जागरूकता अभियान



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन ने रक्षा टीम के साथ मिलकर जन जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत तिफरा स्थित मॉडर्न एंड मोरल एकेडमिक पब्लिक स्कूल में जाकर बच्चों को साइबर फ्रॉड, यातायात के नियम, डिजिटल अरेस्ट और बच्चियों में होने वाली मैसटूअल साइकिल एवं हाइजीन के बारे में बताया गया। सबसे पहले स्कूल के स्टाफ ने अतिथि रूपाली, भावना अटकल, डी विनीता राव, सृष्टि सिंह एवं नीरज गेमनानी का स्वागत तिलक लगाकर किया। इसके बाद मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। रक्षा टीम की भावना अटकल ने कहा कि आज के समय में सतर्क रहना बहुत ही आवश्यक है। रूपाली ने बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही अभिव्यक्ति ऐप के बारे में भी समझाया गया। शांता फाउंडेशन परिवार की डी विनीता राव ने बेड व गुड टच के बारे में डेमो के माध्यम से समझाया। सृष्टि सिंह ने बच्चियों को हर माह होने वाली मेंस्ट्रूअल साइकिल के बारे में बताया अंत में शाला प्रबंधन ने आभार व्यक्त कर सभी को मोमेंटो प्रदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य सहित शालेय स्टाफ व बच्चों की उपस्थिति रही।

# सप्तशती वैभव लक्ष्मी हवन के साथ अनुष्ठान का समापन



1008 आहुतियां देकर लगाए गए मेवे के भोग

**बिलासपुर।** सप्तशती वैभव लक्ष्मी हवन के साथ श्री दुर्गा सप्तशती महालक्ष्मी की उपासना, अनुष्ठान का समापन हुआ। अग्नि व हवन देव का आवाहन, पूजन कर माता लक्ष्मी की 1008 आहुतियां देकर मेवा का भोग लगाया गया।

सेवा साधक पुनित ढ़ढारिया ने बताया कि विगत 28 नवंबर को शाम 4 बजे से 6 बजे तक श्री साई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा के मेडिटेशन हाल में श्री दुर्गा सप्तशती महालक्ष्मी की उपासना की गई। सभी साधक 6 महीने से हर शुक्रवार को माता वैभव लक्ष्मी के मंत्रों का जप कर रहे थे। उनके अनुष्ठान का समापन हवन के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि माता लक्ष्मी को बैठा कर विधि-विधान के साथ उनका पूजन हुआ। पूजन के बाद श्री दुर्गा सप्तशती के पूरे 7 सौ बीज मंत्रों का जप किया गया। हर अद्यया के बाद शंख नाद तथा घंटी की



ध्वनि की जाती थी। इसके उपरांत सभी साधकों ने माता लक्ष्मी के 1008 मंत्रों का जप कमलगट्टे के माला से किया। 11 हवन कुंड एक लाइन से लगाए गए और एक साथ माता के जय घोष से हवन प्रारंभ किया गया। हवन वेदी को पुष्प, हल्दी, कुमकुम से सजाया गया। इस मौके पर गणेश गर्ग, प्राचीन वर्मा, ममता काले, अन्नू गर्ग, उषा यादव सहित तिलक नगर, देवकीनंदन चौक के साधकों की उपस्थिति रही।

### होती है अलग-अलग साधना

सेवा साधक ने श्री ढ़ढारिया ने बताया कि हर शुक्रवार को शाम साढ़े 4 बजे यहां अलग-अलग साधना होती है। जिसमें बीमारी का इलाज किया जाता है। कुछ साधकों को साधना में ही लाभ हो जाता है। जटिल से जटिल समस्या का समाधान भी साधना द्वारा किया जाता है। सभी पूर्णतः निःशुल्क है।

### वातावरण को शुद्ध करता है

हवन का धार्मिक महत्व है। हवन पूजा को पूर्ण करता है और सकारात्मक ऊर्जा लाता है। वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हवन के दौरान इस्तेमाल होने वाली जड़ी-बूटियों और घी से निकलने वाला धुआं वातावरण को शुद्ध करता है। हानिकारक जीवाणुओं को खत्म करता है। कुछ शास्त्रों में घर की सुख शांति और वास्तु दोष दूर करने के लिए भी-हवन का उल्लेख है।

# हिन्दू सम्मेलन में मोहल्लेवासी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**पारिजात कालोनी में आयोजन होगा 13 दिसंबर को**



हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा 13 दिसंबर शनिवार को दोपहर 3 बजे महाराष्ट्र मण्डल परिसर पारिजात कॉलोनी में हिन्दू सम्मेलन" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पारिजात कॉलोनी, पारिजात एक्सटेंशन, पारिजात किंग्डम, पारिजात शीला, पत्रकार कॉलोनी, श्रीराम विहार कॉलोनी, गणेश हाईट्स, ओम रेसीडेंसी, गीतांजली एन्क्लेव, पारिजात कैसल, मगध नगर, अयोध्या नगर, देवेन्द्र नगर के हिन्दुओं की सहभागिता रहेगी।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में इस महिने संपूर्ण भारत में गृह संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही माह दिसंबर में प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाना है। इसी के तहत पारिजात बस्ती में अब तक 450 घरों तक संपर्क का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सभी से भारत माता की फोटो को फ्रेम कर घर में लगाने का आग्रह किया गया है। संघ से जुड़े लोगों ने बताया कि 1925 की विजया दशमी को शुरू हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिया है। संघ आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन गया है. इसलिए स्वाभाविक ही संघ को जानने लोगों की उत्सुकता बढ़ गई है। संघ को जानना है, तो संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को जानना आवश्यक है। वे जन्मजात देशभक्त थे। स्वाधीनता आन्दोलन के सभी प्रयासों में वे सक्रिय थे इसलिए उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। संघ की स्थापना ऐसे समय में हुई, जब हमारा देश स्वाधीनता के लिए संघर्ष कर रहा था।

# वाराणसी के भोलेश्री गांवों में सुनाएंगे युग ऋषि का संदेश

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ वाराणसी से आए अनिलेश तिवारी भोलेश्री माह अप्रैल 2026 में कार्यक्रम हेतु अपनी संगीतमय टोली के साथ पुनः जिला बिलासपुर आएंगे और स्वर्णिमा एरा बहतराई रोड, ग्राम लिम्ही, गनियारी व सीपत में भी अपनी कथा के माध्यम से युग ऋषि का संदेश सुनाएंगे।



गायत्री परिवार के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि श्री भोलेश्री यज्ञों के माध्यम से विभिन्न संस्कार संपन्न करवाते हैं। साथ ही कथा द्वारा लोकरंजन से लोक मंगल का कार्यक्रम संपन्न होता है। इसके अतिरिक्त सत्य सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा करने हेतु सभी श्रोताओं को अस्तिकता संवर्धन हेतु प्रेरित करते हुए पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के सत्संकल्प के अनुसार संसार में सत्प्रवृत्तियों के पुण्य प्रसार के लिए अपने समय, प्रभाव, ज्ञान, पुरुषार्थ एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाते रहने का संकल्प कराते हैं। इसके साथ ही समय का सुनियोजन करते हुए राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर विद्यालयों में संपर्क कर व्यक्तित्व परिष्कार प्रशिक्षण शिविर भी प्रदान करते हैं। सकरी प्रज्ञा पुराण कथायोजन के साथ ही संदीपनी उ. मा. शाला गिरधौना, डी.पी. विप्र उच्चतर. माध्यमिक शाला भकुर्रा, नवापारा एवं आत्मानन्द उच्चतर माध्यमिक शाला सकरी के विद्यार्थियों को अपनी कमजोरियों को कैसे दूर करें?, जीवन की सफलता व सार्थकता, जीवन महान कैसे बनें ?, हारिये न हिम्मत, सफल जीवन की दिशा धारा आदि विषयों पर विद्यार्थियों के बीच जाकर स्वस्थ, शालीन, स्वावलंबी, सेवाभावी युवा बनने के लिए अपने उद्बोधन में प्रेरित किए।

कार्यक्रम

## तेलुगू समाज कल्याण समिति की बैठक, खेलकूद भी होगा



**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति ने शनिवार को एक बैठक आयोजित की। इसमें नववर्ष में 4 जनवरी रविवार को भव्य पिकनिक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता एमके पटनायक ने की। कोषाध्यक्ष जी. रविकन्ना ने वन भोज कार्यक्रम का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव एवं सचिव जे जगन पटनायक ने बताया कि पिकनिक स्थल की घोषणा शीघ्र की जाएगी। पिकनिक के लिए बसों का प्रस्थान सुबह 7 बजे श्री कोदण्ड रामा वेंकटेश्वर मंदिर के बगल स्थित रेल्वे रामलीला मैदान से होगा। पिकनिक में विवाहित-अविवाहित पुरुष, महिलाओं तथा उम्र अनुसार बच्चों के लिए आकर्षक खेलकूद प्रतियोगिता व मंचीय कार्यक्रम रखा जाएगा। पिकनिक के लिए प्रवेश शुल्क 250 रुपया मात्र रखा गया है। 5 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क रखा गया है। पिकनिक के लिए टिकट, कूपन लाना अनिवार्य है। बैठक में सह संरक्षक आर श्रीनिवास, के वेंकट, बी श्रीनिवास, जगन मोहन, ए गणपति राव, एम रवि कुमार, एसटी श्रीनिवासन, के हरिशंकर राव, बुड्डा रामाराव, कमलेश करी, पी श्रीनिवास, व्ही राघवेंद्र, जी धर्मा, एस केशव, एन भास्कर राव, अप्पल राजू, बी मोहन राव, एम श्रीनू, जी सम्मुख, डी कृष्णा राव, व्ही रवि, अमरनाथ बद्री, एस श्रीनिवास, जीव्ही नरसिंग, डी श्रीनिवास मूर्ति, ए संदीप, व्हीए राव, डीएन प्रसाद, पी कामेश्वर, टी सूर्या राव उपस्थित थे।

# यूपीएससी की एपीएफसी परीक्षा आज, 2 हजार 316 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कलेक्टर ने सफल आयोजन के लिए दिए दिशा निर्देश**

**संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एपीएफसी और ईओ की परीक्षा रविवार को आयोजित होगी। जिला मुख्यालय बिलासपुर के 6 परीक्षा केन्द्रों में 2316 परीक्षार्थी शामिल होंगे।**

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नियुक्त केंद्राध्यक्षों और स्थल पर्यवेक्षकों की मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर परीक्षा के सफल आयोजन के लिए यूपीएससी के दिशानिर्देशों से अवगत कराया और इनका पालन करने के निर्देश दिए। यूपीएससी की ये परीक्षा निर्धारित केंद्रों पर प्रातः 09.30 बजे से 11.30 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले पूर्वान्ह सत्र के लिए प्रातः 9.00 बजे के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जावेगी। उम्मीदवार को ई-प्रवेश पत्र में उल्लेखित स्थान को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।




परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ एवं अन्य सूचना प्रौद्यौगिकी संचार उपकरण सभी के लिए वर्जित है। सभी केन्द्राध्यक्ष अपने कार्यालय का दूरभाष चालू रखे। परीक्षार्थियों के लिए कुर्सी, डेस्क एवं टेबल मानक आकार के हों। परीक्षा केन्द्र में पुरुष एवं महिला के लिए पृथक-पृथक साफ शौचालय हो।परीक्षा केन्द्र में पंखे, बिजली चालू हालत में हो। हॉल कमरे में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों के बैठने का स्थान सुविधाजनक हो, प्रत्येक परीक्षार्थी के बीच का अंतर आयोग के निर्देश के अनुरूप हो। परीक्षा केन्द्र में जल आदि की सुविधा हो।

UPSC

**इन 6 केन्द्रों में होगी परीक्षा**

- स्वामी आत्मानंद शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मधुबन रोड दयालबंद
- सेजस लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक शाला, सिटी कोतवाली के सामने
- शासकीय कन्या शाला नूतन चौक सरकण्डा
- शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लिंक रोड
- शासकीय जे.पी. वर्मा महाविद्यालय जरहाभाठा
- स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुद्देशीय शाला दयालबंद

## खबर संक्षेप

### परसाही में श्रीमद्भागवत कथा आज से



**सीपत।** ग्राम परसाही में गोस्वामी परिवार द्वारा स्व. कुंती देवी गोस्वामी की पुण्यतिथि पर 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित कृष्ण गोपाल शास्त्री श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन कथा का आयोजन दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक होगा। जिसके बाद महाआरती होगी। दिन की कथा के साथ रात्रि में विशेष कीर्तन, भजन, जगराता तथा छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे।

### सरिता बनीं आत्मानंद स्कूल की प्राचार्य



**सीपत।** 27 वर्षों से सीपत में शिक्षा सेवा दे रही सरिता यादव को स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्राचार्य के पद पर पदोन्नति मिली है। सरिता यादव को विधिवत रूप से प्राचार्य पद पर प्रतिनियुक्त कर कार्यभार सौंपा गया है। श्रीमती यादव व्याख्याता के पद पर रहते हुए अनुशासन, गुणवत्ता और नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं। पिछले छह माह से प्रभारी प्राचार्य के रूप में उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस मौके पर वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह, लोभेराम साहू, संध्या यादव, अनिता शुक्ला, शारदा यादव, रजनी शर्मा, रिचा तिवारी, आरएल दिवाकर, शशि वर्मा, शचि श्रीवास, विजयलक्ष्मी अवस्थी सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### पीएससी बेलतरा में नवम्बर महीने में 30 सफल प्रसव



**बेलतरा।** बेलतरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर श्याम सोनी के द्वारा समस्त उप स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ की बैठक लेकर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश जारी किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलतरा के अंतर्गत 9 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित होता है जिसकी जनसंख्या लगभग 51 हजार है और सभी उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 29 ग्राम पंचायतें आती हैं। नवंबर माह में उप स्वास्थ्य केंद्र बेलतरा में 30 संस्थागत प्रसव सफलता पूर्वक हुआ है। और लगभग 950 बाह्य रोगी का इलाज हुआ है। बेलतरा सेक्टर के अंतर्गत माह नवंबर 2025 में 1000 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। उप स्वास्थ्य केंद्रो में रिक्त पदों के कारण राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कठिनाइयां हो रही हैं।

### हिमांशी की उपलब्धि पर नगरवासियों ने किया सम्मान



**करगी रोड कोटा।** नगर की होनहार बेटी हिमांशी नामदेव ने व्यापमं परीक्षा में प्रदेश स्तर पर ओबीसी वर्ग में प्रथम स्थान तथा टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी में उप अभियंता पद पर चयनित होकर पूरे नगर और नामदेव समाज का नाम रोशन किया है। प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री द्वारा हिमांशी नामदेव को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनकी नियुक्ति में अंतर्गत कार्यपालन अभियंता कार्यालय में उप अभियंता पद पर की गई है। इस उपलब्धि पर नगर पंचायत कोटा की अध्यक्ष एवं वार्ड 5 की पार्षद द्वारा हिमांशी के निवास पहुंचकर सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने हिमांशी को नगर व समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। नामदेव समाज व छत्रिय महासंघ ने किया विशेष अभिनंदन प्रदेश अध्यक्ष तथा कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में समाज की ओर से भी हिमांशी का सम्मान किया गया। शिवकुमार वर्मा ने हिमांशी को आशीर्वाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।कमल वर्मा ने कहा कि समाज की बेटी ने बिलासपुर व कोटा सहित पूरे प्रदेश में नाम रोशन किया है और राज्य प्रशासन में सेवा कर युवाओं के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है।

## विधायक ने 15 लाख के विकास कार्य की दी सौगात

# भारतीय संविधान समानता का प्रतीकः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी




भारतीय संविधान देश के हर नागरिक के लिए समान अधिकारी का प्रतीक है। यही हमारे लोकतंत्र की वास्तविक ताकत है कि सभी वर्गों और समुदायों को समान अवसर व सम्मान प्राप्त है। इसी संविधान से देश चलता है। उक्त बातें ग्राम पंचायत भरारी में आयोजित विधानसभा स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से तखतपुर विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह ने कहीं। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर ग्राम विकास हेतु 15 लाख रूपये के विकासकार्यों की स्वीकृति की घोषणा की।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि संविधान केवल एक किताब नहीं बल्कि देश की आत्मा है संविधान में निहित अधिकार और मौलिक कर्तव्य हमें अपने अधिकारों के प्रति सजग और कर्तव्यों के प्रति दृढ़ निश्चयी बनाते कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष कोटा सूरज साधेलाल भारद्वाज, संजीव खांडे, साधेलाल भारद्वाज, बिहारी सिंह टोडर, भाजपा महामंत्री प्रदीप कौशिक, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, गनियारी मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, भाजपा नेता कृष्ण कुमार साहू, भरारी सरपंच सुमिता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रभु जगत, मंडल महामंत्री प्रमोद ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बिहारी सिंह टोडर एवं आभार प्रदर्शन सुमिता भास्कर ने किया। इस अवसर पर सरपंच अश्वनी भास्कर, लक्ष्मी खांडे , दिनेश घृतलहरे , प्रेम भास्कर, देवकांत भास्कर, दिलीप कुर्रे ,सम्मत लहरे, रिंकू लहरे, प्रशांत अनंत, संदीप खांडे, पूर्व पार्षद सूरज लहरे, व्यासनारायण खांडे, सरपंच घोंघाडीह, रोहित साहू, श्याम सुंदर कश्यप, गुलशन जांगड़े उपसरपंच, नरेंद्र दिनकर, अखिलेश कोशले, रामकुमार कुर्रे, कृष्णा जांगड़े, कोमल टोडर, जनपद पोर्ते ,दिलीप भास्कर, कृष्णा साहू पवन साहू, केदार साहू, रामचंद्र बंजारे, मूंजन साहू सरपंच नेवरा, यशवंत भारद्वाज, मनोज बघेल, निखिल खांडे, दिनेश उजागर, राधे केवट, कुलदीप भास्कर, देव कुमार लहरे, राधे लहरे, संतोषी बघेल, प्रतिमा भास्कर, शिव साहू, रामशरण यादव, द्वारका दुबे, घनश्याम साहू, सुषमा भास्कर, परदेसी लहरे, दिगपाल भास्कर, प्रतिभा यादव, संतोषी साहू, रीना कुर्रे, प्रतिभा यादव, भाग्यश्री भास्कर, राधे केवट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## राख से निर्मित विभिन्न उत्पादों पर एनटीपीसी में सेमिनार

**बिलासुपर।** एनटीपीसी सीपत द्वारा बिलासपुर में राख से निर्मित विभिन्न उत्पादों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्धेश्य भवन निर्माण में राख आधारित उत्पादों के प्रभावी, दक्ष एवं पर्यावरण–अनुकूल उपयोग को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त (आईएएस) अमित कुमार, एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख वीके पांडेय तथा क्रेडाई अध्यक्ष सुशील पाटेरिया ने दीप प्रज्वलन एवं ईंट के आकार में विशेष रूप से तैयार केक काटकर किया। सेमिनार में पीडब्लूडी, सीपीडब्लूडी, नगर निगम, क्रेडाई, बिलासपुर बिल्डिंग एसोसिएशन, रेलवे, तथा विभिन्न आर्किटेक्ट्स, कॉन्ट्रैक्टर्स एवं आरएमसी प्लांट प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान राख आधारित उत्पादों जैसे ब्रिक्स, इंटरलॉकिंग वॉल ब्लॉक्स, विभिन्न आकारों व वजन के एग्रीगेट्स, पेवर ब्लॉक, फ्लोर टाइल्स, पार्क बेंच, पार्क टेबल आदि के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन एनटीपीसी सीपत के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) सुरोजित सिन्हा के संबोधन के साथ हुआ। यह प्रचार–प्रसार कार्यक्रम राख आधारित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए एनटीपीसी सीपत द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने में अत्यंत सफल रहा।

# खेत में लगे लोहे के एंगल की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** घूमने का शौक पूरा करने दूसरे जिले से आकर मुंगेली जिले मे चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लोहे के एंगल जब्त कर 3 आरोपी 1 खरीददार एवं 1 अपचारी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा।



जब्त कबाड़ एवं आरोपी।

पुलिस के अनुसार थाना फास्टरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिपाही में लीलक राम साहू पिता स्व. रामनुज के खेत के मेढ़ में चारों ओर लगे 40 नग लोहे के एंगल को 9-10 नवम्बर के दरम्यानी रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना फास्टरपुर में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एक अन्य घटना में राकेश तिवारी साकिन भालुखोंदरा के खेत के मेढ़पार में धान फसल की सुरक्षा के लिए लगे लोहे के एंगल को 28 अक्टूबर व 13 नवम्बर की दरमियानी रात्रि अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना लालपुर में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि ग्राम अतरगवां नवागढ़ के कुछ लड़के एंगल चोरी कर कबाड़ी दुकान मे लोहे का एंगल बेचा है जिस पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम अतरगवां मे समीर भास्कर पिता बधरूदास भास्कर उम्र 20 वर्ष, देवप्रसाद माथुर पिता मनोज माथुर उम्र 19 वर्ष, इन्द्रेश उर्फ सुरज बंजारे पिता माखन बंजारे उम्र 20 वर्ष सभी साकिनान ग्राम अतरगवां थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा एवं 1 अपचारी बालक को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की। उन्होंने बताया कि घूमने के शौक को पूरा करने के लिए उन्होंने 28 अक्टूबर एवं 13 नवम्बर के दरमियानी रात्रि को ग्राम भालुखोंदरा के खेत से 94 नग लोहे के ऐंगल एवं 9 नवम्बर को रात्रि ग्राम सिपाही फास्टरपुर के खेत से मेढपार लगभग 40 नग चोरी की। जिसे रेस्ट हाउस के पीछे दाउपारा मुंगेली में कबाडी मोहम्मद नवाब के पास बेचा। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 2 नग बाइक को विधिवत जप्त कर आरोपी समीर भास्कर, देवप्रसाद माथुर, इन्द्रेश उर्फ सुरज बंजारे, कबाड़ी मोहम्मद नवाब को 26 नवम्बर को गिरफ्तार किया व अपचारी बालक का सामाजिक पृष्टिभुमि भरा कर सभी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## शराब की अवैध रूप से बिक्री करते दो गिरफ्तार



**सेतगंगा/मुंगेली।** जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब ब्रिकी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। फास्टरपुर-सेतगंगा पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 140 पाव देसी प्लेन शराब एवं घटना में प्रयुक्त व दो नग मोबाइल को जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना फास्टरपुर-सेतगंगा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। फास्टरपुर पुलिस ने 27 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोरखपुर पुल के पास डोमेश चेसकर एवं आरोपी दीपक टण्डन को बाइक क्रमांक सीजी 28 एम 6593 में दो बड़े थैला में कुल 140 नग देसी प्लेन शराब (25.200 बल्क लीटर) कीमती 11,200 रूपये को ब्रिकी हेतु ले जाते पाए गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

# उपअभियंता ने लगाया अधिकारियों जनप्रतिनिधियों पर प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आपसी समन्वय नहीं होने के कारण जिले के कई कार्यालयों में फिजायें बदली-बदली नजर आ रही है। जनपद पंचायत मुंगेली में पदस्थ उप-अभियंता सोनल जैन ने जिले के कई बड़े अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों पर अनावश्यक दबाव बनाने, प्रताड़ति करने और मानसिक रूप से परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार सोनल जैन का कहना है कि बिना कारण फाइलों को रोका जाता था, अनावश्यक आपत्तियां लगाई जाती थीं और बैठकों में ऐसे सवाल पूछे जाते थे जिनका उद्देश्य केवल दबाव बनाना था। जैन का दावा है कि इस रवैये ने उन्हें मानसिक तनाव की स्थिति में पहुंचा दिया था। कई बार उन्होंने यह बात अपने सहकर्मियों से भी साझा की थी, परन्तु स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। सूत्रों के अनुसार, कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव और व्यवहारिक दबाव के चलते जैन अत्यंत दुखी और मानसिक रूप से थकी हुई महसूस कर रही थीं। मानसिक तनाव के चलते सोनल जैन ने अत्यधिक भावुक कदम उठाने की कोशिश भी की। बताया जा रहा है कि उन्होंने एक पत्र में कई बड़े अधिकारियों के नाम दर्ज करते हुए अपने साथ हो रहे व्यवहार का उल्लेख भी किया है। घटना के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिला अस्पताल मुंगेली के सिविल सर्जन ने बताया कि "सोनल जैन, उप अभियंता जनपद पंचायत मुंगेली, अस्पताल में भर्ती हुई थी। प्रथम जांच में उन्होंने फिनाइल पीने की बात कही थी। अस्पताल से उनकी छुट्टी हो गई है।

### जनप्रतिनिधियों ने थाने में की शिकायत

उप अभियंता सोनल जैन के आरोपों के बाद जिला सदस्य उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य राज साहू, जरहागांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वेद प्रकाश कश्यप में जरहागांव थाने में मामले को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में तीनों ने अलग अलग लिखिए शिकायत की है। जिला पंचायत सदस्य पूर्व सरपंच क्षेत्र के कोसमा निवासी उमाशंकर साहू ने शिकायत पत्र में बताया कि उप अभियंता सोनल जैन से कोई बातचीत नहीं है और ही कोई लेन देन है। उनके द्वारा लगाए गए आरोप सरासर गलत है। केशरूवा डीह निवासी जनपद सदस्य राज साहू ने शिकायत पत्र में बताया कि उक्त महिला द्वारा अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाना जांच का विषय है। इसी तरह लोहड़िया निवासी महेंद्र साहू ने उप अभियंता के आरोप को निराधार बताया है।

## दो बाइक में भिड़ंत, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूपहिया वाहन चालक ने सामने की ओर से आ रही दूपहिया वाहन चालक को ठोकर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरवन देवरी निवासी संतोष कश्यप 24 नवम्बर को वह दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीव्ही 1061 से घर जा रहा था और जब बेलपान मोड़ के पास पहुंचा था तभी सामने की ओर से आ रही दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 28 आर 6883 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## जनप्रतिनिधियों ने लीविशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में जानकारी



मुंगेली। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लेने नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला स्वयं नगर के सभी वार्डों में पहुंचे। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने अध्यक्ष को बताया कि अब तक मुंगेली में लगभग 90 से 92 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। इसमें नए मतदाताओं के नाम जोड़ना, पलायन करने वालों की जानकारी, विवाह के बाद स्थानांतरित हुए लोगों के नामों का निष्कासन और मृत्यु दर्ज मामलों का अद्यतन शामिल है। अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने इस सफल प्रगति का श्रेय प्रशासनिक टीम, वार्ड पार्षदों और वार्डवासियों के सामूहिक सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि नगर के नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से यह महत्वपूर्ण प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है।

## जीपीएम जिले में कांग्रेस ने गजमती को सौंपी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**पेंड्रा।** कांग्रेस पार्टी ने जिले में संगठन को नई दिशा देने के उद्देश्य से गजमती भानु को नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। गजमती भानु लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़ी रही हैं और जिला स्तर पर उनकी सक्रिय भूमिका हमेशा सराहनीय रही है। पार्टी कार्यक्रमों में उनकी नियमित भागीदारी और संगठनात्मक मजबूती के लिए उनके प्रयासों को देखते हुए नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है।



जिले में पहली बार किसी महिला को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने को कांग्रेस के भीतर एक महत्वपूर्ण कदम और महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा निर्णय माना जा रहा है। वंही इनकी नियुक्ति पर विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, श्रीमती अर्चना पोर्ते, अमोल पाठक, गुलाब राज, मुद्रिका सराति, अजीत श्याम, तुषान शंकर मराबी, ममता पैकरा, राकेश मसीह, नारायण मिश्रा, विनय चौबे, पुष्पराज सिंह, अनुज ताम्रकार, दया वाकरे, पवन सिंह, धनसिंह चंद्रभान पुष्पराज सिंह सहित क्षेत्र के आदिवासी समुदाय महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस ने कहा कि गजमती भानु के नेतृत्व में कांग्रेस जिले में नए मुकाम हासिल करेगी।



## देसी प्लेन एवं महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** आबकारी विभाग ने ग्राम साल्हेघोरी में दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 5 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 2.16 बल्क लीटर देसी प्लेन मदिरा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 29 अगस्त को आबकारी विभाग को गश्त के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम साल्हेघोरी थाना चिल्फी आरोपी त्रिभुवन मिरी के मकान की विधिवत तलाशी लिए जाने पर आरोपी के कब्जे से 5 बल्क लीटर कच्ची महुवा शराब एवं 2.16 बल्क लीटर देसी प्लेन मदिरा कब्जे में लिया गया। आरोपी पर आबकारी अधि के धारा 34 (1) (क) (च) 34 (2) एवं 59 (क) गैरजमानतीय अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## जीव परमात्मा का अंश इसलिए होती है अपार शक्ति

**तखतपुर।** कौशिक परिवार गिरधौना में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन व्यास देवशरण दुबे ने प्रवचन किए। उन्होंने कहा गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। कृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। कथा में व्यास ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को आकर्षित किया। श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। इस अवसर पर यजमान उत्तरा रामकिशोर कौशिक, कृतिका लव किशोर, संजय लता, राकेश, पूनम, मुकेश, नीतू सहित अन्य उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# छात्राओं को दिया गया कराते का प्रशिक्षण




**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के आत्मविश्वास, सुरक्षा एवं शारीरिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कराते प्रशिक्षक के द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय में अध्ययन रत छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। प्रशिक्षक छात्राओं को बेसिक कराते तकनीकें, सेल्फ-डिफेंस मूव्स, एकाग्रता और संतुलन, असुरक्षित परिस्थिति में स्वयं की रक्षा करने के तरीके, तथा मानसिक दृढ़ता बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय सिखा रहे हैं। जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि छात्राओं को न केवल आत्मरक्षा के कौशल मिल रहे हैं, बल्कि उनमें साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और नारी शक्ति से प्रेरित यह प्रशिक्षण छात्राओं को हर परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित और सक्षम रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।यह प्रशिक्षण छात्राओं में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में विद्यालय का सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर बलीराम सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, मिनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, मिनाक्षी बनर्जी सहित अन्य उपस्थित रहे।



# Pride of Bilaspur City




## महक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर में शादी का पैकेज मात्र 36,999/- से शुरू

महक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर में शादी के सीजन व नववर्ष के अवसर पर महक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर (बैमा नगोई रोड, राम ग्रीन सिटी फेस-2 के पास, खमतराई, बिलासपुर) में ग्राहकों के लिए जबरदस्त छूट और आकर्षक पैकेज ऑफर की घोषणा की गई है। दुकान संचालक सुमित बंसल ने बताया कि यहां शादी का पूरा सामान मात्र 36,999/- से शुरू हो रहा है। इसके साथ ही सिल्वर, गोल्ड और डायमंड के साथ अन्य पैकेज भी उपलब्ध हैं जिनमें एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, सोफा, आलमारी, दीवान, बेड, डायनिंग टेबल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर का पूरा सेट बेहद किफायती दरों पर दिया जा रहा है। ग्राहकों के लिए 50% तक डिस्काउंट की सुविधा भी उपलब्ध है। पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स और फर्नीचर एक्सचेंज सुविधा भी उपलब्ध है।

## आकर्षक प्रिंटिंग के लिए मॉडर्न ग्राफिक्स पहली पसंद

शहर के सत्यम चौक, इमलीपारा रोड स्थित मॉडर्न ग्राफिक्स ने बिलासपुर में सबसे कम दाम पर सुंदर एवं आकर्षक प्रिंटिंग सेवाएँ उपलब्ध कराते हुए अपनी पहचान मजबूत की है। संस्था द्वारा फ्लेक्स बैनर प्रिंटिंग के साथ-साथ विनायल प्रिंट, ग्लोसाइन बोर्ड, यू.वी. प्रिंट, विजिटिंग कार्ड, वनवे विजन, पाम्पलेट, रेड्रो प्रिंट और बिल बुक सहित अन्य कई प्रिंटिंग सेवाएँ दी जा रही हैं। उच्च गुणवत्ता वाली मल्टीकलर सनबोर्ड प्रिंटिंग भी यहाँ विशेष रूप से उपलब्ध है, जो व्यवसायिक उपयोग और विज्ञापन के लिए काफी उपयोगी हो रही है। ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए मॉडर्न ग्राफिक्स नवीनतम मशीनों और उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए तेज और गुणवत्तापूर्ण प्रिंटिंग प्रदान कर रहा है।










## होम डेकोर एवं लाइट का अनोखा संग्रह

बिलासपुर में 'श्री गैलरी एंड इंटीरियर्स' लाइट एवं आर्टिफैक्ट्स का अनोखा संग्रह है अब शहरवासियों के लिए व्यपार विहार रोड, महाराणा प्रताप चौक स्थित श्री गैलरी एंड इंटीरियर्स अब अपने आकर्षक और प्रीमियम संग्रह के साथ लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यहां फैंसी लाइट, होम डेकोर, प्रीमियम फर्नीचर एवं चेयर्स, आर्ट और आर्टिफैक्ट्स तथा इंटीरियर डिजाइनिंग की बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं।शोरूम में लग्जरी झूमर, आधुनिक लाइटिंग, सजावटी मूर्तियाँ और सुंदर इंटीरियर उत्पादों की विविध श्रृंखला देखने को मिल रही है, जो घर और ऑफिस की सुंदरता बढ़ाने में मददगार है। उच्च गुणवत्ता और आधुनिक डिजाइनों के साथ एक ही स्थान पर सभी इंटीरियर जरूरतों को पूरा करता है।

## कम समय में उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रिंटिंग

बृहस्पति बाजार रोड, चंद्रा पार्क के सामने, स्थित "राजलक्ष्मी फ्लैक्स" ने पूरी की 13 वर्ष की सफल सेवाएँ। शहर के बहुप्रसिद्ध राजलक्ष्मी फ्लैक्स ने इस वर्ष अपनी सफल सेवा यात्रा के तेरह वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्षों से गुणवत्तापूर्ण प्रिंटिंग सेवाएँ प्रदान करने वाला यह प्रतिष्ठान अब भी ग्राहकों को सस्ते और बेहतर दरों पर सभी प्रकार के प्रिंटिंग कार्य उपलब्ध करा रहा है। संस्थापक राजेश जायसवाल ने बताया कि संस्था में अर्जेंट प्रिंट की विशेष सुविधा उपलब्ध है, जिससे ग्राहकों को कम समय में उच्च गुणवत्ता वाले प्रिंट मिल जाते हैं। यहाँ फ्लैक्स बोर्ड, पंपलेट, स्टिकर, PVC वर्क, UV मार्बल शीट, तथा शादी कार्ड प्रिंटिंग जैसी सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।







## शहर का जाना पहचाना नाम सांई कैटरर्स

बिलासपुर जबड़ापारा सरकंडा स्थित साई कैटरर्स के संचालक नरेंद्र राव ने बताया कि शादी पार्टी, बर्थडे पार्टी, शादी सालगिरह, अन्य सभी प्रकार के कार्यक्रमो हेतु ऑर्डर लिया जाता है ग्राहकों के बजट के अनुरूप स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराई जाती है इसी लजीज व्यंजनों के कारण आज हम कई वर्षों से ग्राहकों के दिलो में जगह बनाए हुए हैं और ग्राहकों का भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उसके साथ ही इवेंट डेकोरेशन हेतु फ्लावर डेकोरेशन ,स्टेज डेकोरेशन, लाइट डेकोरेशन एवं वेन्यू डेकोरेशन का भी ऑर्डर लिया जाता है।

## 24 वर्षों से विश्वसनीय संस्थान जायसवाल कार्ड एण्ड प्रिंटर्स

मेन रोड तेलीपारा स्थित जायसवाल शादी कार्ड एंड प्रिंटर्स के संचालक अजय जायसवाल ने बताया कि हमारी यह संस्थान 24 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में हमेशा तत्पर है। ग्राहको के सुविधाओं के लिए आकर्षक डिजाइन में शादी कार्ड ,बर्थडे कार्ड, गृह प्रवेश कार्ड, विजिटिंग कार्ड, क्रिसमस कार्ड नई-नई वैरायटी में आकर्षक डिजाइनों के साथ हमेशा उपलब्ध है। इसके साथ-साथ कंप्यूटराइज्ड सील एवं मशीन उपलब्ध है।

## जायसवाल एग्रो आधुनिक कृषि यंत्रों का विश्वसनीय संस्थान

बिलासपुर। हाईटेक बस स्टैण्ड के पास तिफरा स्थित जायसवाल एग्रो के संचालक अमित जायसवाल ने बताया कि ,किसान भाइयों के सुविधाओं के लिए विभिन्न प्रकार के आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराते हैं सुरजीत कंपनी के थ्रेसर, महिंद्रा कंपनी का रोटावेटर, जायरोवेटर ,रीपर एवं ट्रैक्टर ट्रॉली, दो चक्के एवं चार चक्के वाले ट्रॉली उपलब्ध हैं साथ ही आसान फायनेंस एवं एक्सचेंज सुविधा भी उपलब्ध है।



## खबर संक्षेप

### माजदा की टक्कर से स्कूटी सवार बेटी की मौत

**बिलासपुर।** नशे में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए माजदा के ड्राइवर ने स्कूटी सवार पिता पुत्री को टक्कर मार दी। युवती के सिर से चक्का चल जाने से उनकी कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, शनिवार को बिल्हा निवासी जगदीश बग्गा अपनी बेटी कसक बग्गा 22 साल को लेकर काम से बिलासपुर आए थे। काम निपटाने के बाद पिता पुत्री स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 7376 से वापस गांव जा रहे थे। शाम 4 बजे हाईकोर्ट के पहले गुरूनानक ढाबा के पास पीछे से आ रहे स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 04 एमएस, 7330 के चालक बलौदाबाजार निवासी शेखर यदु ने शराब के नशे में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे से जा रहे पिता पुत्री की स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे युवती से सड़क की ओर व पिता दूसरे साइड में गिर गए। युवती के सिर से माजदा का चक्का चल जाने से उनकी मौके पर ही कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरे साइड गिरने से पिता बाल बाल बच गए। उन्हें केवल चोट आई है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने माजदा सहित ड्राइवर को पकड़ लिया। नशे में होने पर लोगों ने उसकी जमकर खातिरदारी की। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर जाकर युवती के शव का उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने माजदा जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

**बिलासपुर।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर गैलेक्सी अपार्टमेंट निवासी शोभा पाठक पति मयंक पाठक 38 साल कैप्से सैलून कंपनी चलाती है। 27 नवंबर को वे अपने आफिस से काम खत्म कर प्लेजर क्रमांक सीजी 10 बीडी, 8003 से अपने घर जा रही थीं। बिलासा इन होटल के आगे पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एजेड, 8001 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी प्लेजर को टक्कर मार दी। हादसे में श्रीमती पाठक घायल हो गई हैं। पुलिस ने कर्मचारी संजना सिंह की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सोशल मीडिया में स्टंटबाजी व सड़क पर बर्थडे मनाने का चलन तेजी से बढ़ने लगा

# पांच माह में सड़क पर बर्थडे मनाते 33 वाहन जब्त, 42 की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी के निर्देश पर विगत पांच माह में स्टंट करने व सड़क पर बर्थडे मनाने वाले 33 वाहनों को जब्त कर 72 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

सोशल मीडिया में स्टंटबाजी व सड़क में बर्थडे मनाने की रील देखकर शहर में इसका चलन तेजी से बढ़ने लगा। विगत कुछ माह से शहर व आउटर की सड़कों पर जान जोखिम में डालकर चार पहिया वाहनों में छत, बोनट पर बैठकर, खिड़की से बाहर निकलकर रील बना रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिनस्थ अधिकारियों को स्टंट करते व सड़क में बर्थडे मनाने वालों की वीडियों से पहचान कर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया था। उसके बाद पुलिस विभाग के अधिकारी ऐसे वीडियो अपलोड करने वालों की पहचान कर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। विगत 5 माह में सड़क पर स्टंटबाजी, खतरनाक ड्राइविंग व सार्वजनिक मार्ग में बर्थडे सेलिब्रेशन जैसी अवैध गतिविधियों के विरूद्ध 14 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिनमें 10 मामले स्टंट व 4 मामले सड़क पर बर्थडे मनाने वाला है। इन प्रकरणों में अब तक 33 वाहन जब्त किया गया वहीं 72 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।







स्टंट कर सड़क पर जन्मदिन मनाने वाला वाहन जब्त।

### सख्त कार्रवाई होगी



युवाओं को चेताना चाहता हूं ऐसी स्टंटबाजी गतिविधियों से आपका व दूसरे का जीवन संकट में आएगा। कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हमें ऐसा नहीं करना चाहिए, गलत काम से कोई इम्प्रेश नहीं होता है। स्टंटबाजी व सड़क बाधित कर बर्थडे मनाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई किया जा रहा है।

-रजनेश सिंह
एसएसपी

# युवक की हत्या, पिता पुत्र 4 नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी में नाचने के दौरान धक्का मुक्की होने से दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। इसी दौरान एक पक्ष ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में पिता पुत्र व चार नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, ग्राम खपरी में पटेल व निषाद परिवार के घरों में शादी कार्यक्रम चल रहा है। दोनों परिवारों के लोग बाजा गाजा के साथ चूलमाटी में निकले थे। चूलमाटी लेते समय बाजा में नाचने के दौरान बड़कू उर्फ रामभजन यादव पिता लल्लू यादव 18 साल को संदीप निषाद ने धक्का दे दिया, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान गांव के लोगों ने बीच बचाव कर विवाद शांत करा दिया। विवाद के दौरान बड़कू उर्फ रामभजन का मोबाइल गिर गया था। मोबाइल को लेकर वह दूसरे पक्ष के लोगों के साथ गाली गलौज करने लगा। इससे निषाद परिवार के लोगों ने बड़कू उर्फ रामभजन के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।





गिरफ्तार आरोपी।

चाकूबाजी की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। परिजन के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कुश यादव की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103, 1, 115, 2, 191, 2, 191, 3, 296, 351 के तहत आरोपी संदीप यादव व उसके पिता रामकलेश यादव व चार नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क पर बर्थडे मनाने वाले 3 युवक गिरफ्तार



थाने में गिरफ्तार आरोपी।

सड़क पर कार खड़े कर बर्थडे मनाने और आवागमन बाधिक करने वाले बर्थडे ब्याय सहित 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड माता चौरा निवासी आशुतोष पाण्डेय पिता विरेन्द्र पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई। 21 नवंबर की रात 8 बजे वे नेहरू चौक जा रहे थे। शिव चौक के पास हिमांशु गुप्ता ने अपना बर्थडे मनाने के लिए दोस्त के साथ बीच सड़क पर कार क्रमांक एचवायएम, 6639 को खड़े कर दिया था, वह यातायात नियमों की अवहेलना करते हुए मार्ग को अवरुद्ध कर दोस्तों के साथ केक काटकर बर्थडे मना रहा था। उन्होंने सड़क पर बर्थडे मनाने से मना किया तो वे विवाद करने लगे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 285 के तहत बर्थडे ब्याय हिमांशु गुप्ता उर्फ निशान पिता केसरीचंद 26 साल विनोबानगर, आशीष साहू पिता सुरेश साहू कुदूदण्ड एसबीटी कालेज के पीछे, शुभ राव जड़ित पिता दिनेश राव जड़ित 20 साल कुदूदण्ड गायत्री मंदिर निवासी को गिरफ्तार कर जीप जब्त कर लिया है।

## खुली कार के बोनट पर बैठकर स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार



आरोपियों की पुलिस ने निकाली बारात।

सोशल मीडिया में खुली कार के बोनट पर बैठकर स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दो युवकों को गिरफ्तार जीप जब्त कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, 29 नवंबर को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में खुली कार क्रमांक ओआर 14 एन, 9559 के बोनट में तिफरा निवासी उज्जवल कौशिक बैठकर स्टंटबाजी कर रहा था। जांच में पता चला वीडियो अक्टूबर 2025 रात 10 से 11 बजे तिफरा ओव्हरब्रिज का है। सूर्या दत्ता के मोबाइल से राकी वर्मा द्वारा पीछे बैठकर वीडियो बनाया गया है और गाड़ी समर बोरकर चला रहा था। पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 3, 5 व 184, 189 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज उज्जवल कौशिक, राकी वर्मा को गिरफ्तार कर कार जब्त कर लिया है।

## चोरी के मोबाइल व नकद रकम सहित 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक मकान से मोबाइल व नकद रकम चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकंडा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 28 नवंबर को खमतराई भाठापारा निवासी अव्यय भारतीय शोखावत रात 12.30 बजे आटो चलाकर अपने घर आए तो एक लड़का उन्हें देखकर भाग गया। वे घर के अंदर गए तो दो लड़के घर में घुसकर बैग को खंगाल रहे थे। उन्हें देखकर दोनों युवक भाग गए। उनके घर से मोबाइल व 2 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्मम साहू उर्फ सिद्धू पिता राजेन्द्र साहू 19 साल भाठापारा खमतराई, अजय चौहान पिता संतोष चौहान 20 साल मुरूम खदान अटल आवास, रेहान खान उर्फ मोमीन पिता मो. मनसूर मोमीन 20 साल चौबे कालोनी सरकण्डा निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर तीनों ने श्री शोखावत के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से मोबाइल व नकद रकम जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



■ सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई भाठापारा की घटना

# रविश–सिमरन को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने आशीर्वाद दिया

वाहेगुरु जी की कृपा से, छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख राजनीतिक और समाजिक हस्तियों की उपस्थिति में रवीश गुंबर के साथ सिमरन सवन्नी का विवाह रविवार को आयोजित होने जा रहा है। इस शुभ अवसर पर एक आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के कई महत्वपूर्ण नेता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, श्री विष्णु देव साय जी, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी, एवं श्री विजय शर्मा जी, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी, वन मंत्री श्री केदार कश्यप जी, तथा संगठन प्रभारी श्री शिव प्रकाश सिंह के साथ ही कई अन्य नेता शामिल हुए।

इस अवसर पर बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल जी, बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक जी, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला जी, और तखतपुर विधायक श्री धर्मजीत सिंह जी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव सिंह जी, संगठन मंत्री पवन साय जी, क्षेत्रिय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल जी, एवं लड़की के पिता श्री भुपेन्द्र सवन्नी जी एवं लड़के पिता मंजीत सिंह गुम्बर जी के अलावा परिवार के अन्य सदस्य एवं कई गणमान्य अतिथियों ने इस समारोह में शिरकत की। यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक मिलनसार का प्रतीक बन गया, जहां राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए लोग एकत्रित हो कर नवदंपति को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हुए।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का स्वागत करते हुये भुपेन्द्र सवन्नी एवं मंजीत सिंह गुम्बर



वर–वधु को आर्शीवाद देते हुये बिहार सरकार में मंत्री और छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन



विधान सभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह जी, श्री शिव प्रकाश सिंह, श्री विजय शर्मा जी, का स्वागत करते हुये भुपेन्द्र सवन्नी एवं मंजीत सिंह गुम्बर

